

नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्षः -14 ◆ अंकः 268 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्यः 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8 ( 4+4 )

धरमजयगढ़, शनिवार 6 अगस्त 2022



JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in



पेज -3 पर मेडिकल कॉलेज का झूठा श्रेय लूटकर चंद्राकर राजनीतिक पाखंड का ...

उद्योग एवं व्यापार केंद्र में रामकृष्ण सांसद प्रतिनिधि नियुक्त पेज -8 पर


# महंगाई को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन

सीएम भूपेश ने पीएम मोदी पर बोला हमला, कहा- हर मोर्चे पर केंद्र सरकार असफल

रायपुर। देशभर में कांग्रेस महंगाई को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रही है। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में प्रदेश कांग्रेस कमेटी का विरोध प्रदर्शन किया। देश में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, अग्निवीर और जीएसटी को लेकर कांग्रेस केंद्र सरकार पर हमलावर है।



कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन करते हुए राजभवन घेराव करने कूच किया, लेकिन पुलिस उन्हें पहले ही रोक लिया। प्रदर्शन में सीएम भूपेश बघेल, पीसीसी चीफ मोहन मरकाम सहित प्रदेशभर के अलग-अलग जिलों से कांग्रेस के नेता और पदाधिकारी पहुंचे हैं। धरना-प्रदर्शन में छत्तीसगढ़ के कैबिनेट मंत्री और विधायक भी धरने पर बैठे।

सीएम भूपेश बघेल ने रायपुर के अंबेडकर प्रतिमा के पास धरना दिया। उन्होंने कहा कि देश में महंगाई और बेरोजगारी बेतहाशा बढ़ रही है। महंगाई से आम जनता परेशान है। केंद्र का कोई नियंत्रण नहीं है। सीएम बघेल ने कहा कि हम जनता से जुड़े मुद्दों को उठाते हैं, इसलिए हमें परेशान किया जाता है। हम डरने और पीछे हटने वाले लोगों में से नहीं है। अग्निपथ योजना से युवाओं का भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ गए। खेती-किसानी के साथ ट्रांसपोर्टिंग महंगा हो गया। पेट्रोल-डीजल की कीमत हर रोज बढ़ रहे हैं। रसोई गैस के दाम बढ़ाने से गृहस्थी का बजट गड़बड़ा गया है। केंद्र की सरकार हर मोर्चा पर असफल है। केंद्र का कोई नियंत्रण नहीं है। आम जनता परेशान है।

### उद्योपतियों का करोड़ रुपये माफ किया जा रहा

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा नौजवान नौकरी के लिए दर-दर भटक रहे हैं। केंद्र की सरकार अग्निपथ स्कीम लेकर आई है। युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। 4 साल में युवा से रिटायर हो जाएगा। 17 साल में भर्ती हुई 21 साल में रिटायर और 22 साल में भूतपूर्व सैनिक बन जाएगा। भूतपूर्व लोग नाती पोते की शादी करवाते हैं, लेकिन अब भूतपूर्व होने के बाद युवा शादी करेगा। सीएम भूपेश ने पीएम मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के अलावा देश के कारोबारी घरानों पर इशारों इशारों में सियासी प्रहार किया। उन्होंने कहा कि उद्योगपतियों का लाखों करोड़ों रुपये माफ किया जा रहा है। जितने एयरपोर्ट हैं सब बिक गए हैं। अब रेलवे को बेचने की तैयारी है। कौन खरीद रहा है यह बताने की जरूरत नहीं है। पीसीसी चीफ मोहन मरकाम ने पीएम मोदी पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि उद्योपतियों को राहत देते हैं और आम जनता की जेब में डाका डाल रहे हैं। केंद्र सरकार महंगाई को कम करें।

राष्ट्रभक्ति पर राजनीति

## पीसीसी चीफ मोहन का पीएम मोदी पर हमला, कहा- आरएसएस कार्यालय में पहले फहराए तिरंगा झंडा



**रायपुर।** राष्ट्रभक्ति पर भी अब जमकर सियासत शुरू हो गई। केंद्र सरकार के हर घर तिरंगा अभियान पर छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन मरकाम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि देश की आन, बान और शान हमारा तिरंगा है। देश का गौरव हमारा राष्ट्रीय ध्वज है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की जनता को घर-घर तिरंगा फहराने का आह्वान किया है। मैं मोदीजी से कहना चाहता हूं। अपने आप को राष्ट्रभक्त कहते हैं तो पहले राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (RSS) के कार्यालय में झंडा फहराए। उन्होंने कहा कि पोस्ट के माध्यम से छत्तीसगढ़ कांग्रेस ने झंडा भेजा है।

मोहन मरकाम ने कहा कि 52 वर्षों से आरएसएस के कार्यालय में झंडा नहीं फहराया गया। पीएम मोदी आरएसएस के नेता मोहन भगवत जी से कहें कि संघ कार्यालय में तिरंगा झंडा फहराएं। तभी हम मानेंगे कि आप कितने राष्ट्रभक्त हो। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से मोहन मरकाम द्वारा आदरणीय मोहन भागवत को पोस्ट से हमने तिरंगा भेजा है। सबसे पहले आरएसएस कार्यालय में तिरंगा फहराए यह कांग्रेस की मांग है। पीसीसी चीफ मोहन मरकाम ने कहा कि राष्ट्रवाद की बात कह रही है, लेकिन कथनी और करनी में भारी अंतर है।

### प्रधानमंत्री मोदी उद्योगपति को लाभ पहुंचा रहे

महंगाई पर मोहन मरकाम ने कहा कि हम आम जनता की लड़ाई लड़ रहे हैं। केंद्र की गूंगी-बहरी सरकार सुन नहीं रही है। देश की गरीब जनता की बदुआएं केंद्र सरकार को लगेगी। 2024 में केंद्र की सरकार को जनता अपदस्थ करेगी। धरना-प्रदर्शन और राजभवन का घेराव किया गया।

**एक नजर**

### राखी के लिए बाजार सजकर तैयार, रक्षाबंधन 11 को

**रायपुर ।** प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रावणी पूर्णिमा के अवसर पर रक्षाबंधन का त्योहार जो भाई बहन के स्नेहिल संबंधों का प्रतीक है उसे मनाने की तैयारी राजधानी सहित पूरे प्रदेश भर में जोरशोर से चल रही है। रायपुर में रक्षाबंधन के लिए रंग बिरंगी राखियों की बिक्री के लिए बाजार तैयार हो गये हैं। प्रतिदिन सुबह से लेकर रात तक बहनें अपने भाईयों की कलाई पर आकर्षक राखी बांधने के लिए दुकानों में रक्षासूत्र खरीदते हुए नजर आ रहे हैं।

जैविक खेती पर जन जागरूकता अभियान

## साठ के दशक के बाद से कृषि में रसायनों का बेहिसाब उपयोग- डॉ. चंदेल

**रायपुर।** अखिल भारतीय जैविक खेती नेटवर्क कार्यक्रम परियोजना और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की भारतीय कृषि प्रणाली अनुसंधान संस्थान, मोदीपुरम, मेरठ तथा इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में ''जैविक खेती पर जन जागरूकता अभियान'' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उदगार व्यक्त करते हुए इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने कहा कि वर्तमान में जैविक खेती बहुत महत्वपूर्ण है, क्योकि साठ के दशक के बाद से कृषि में रसायनों का बेहिसाब उपयोग किया जा रहा है, जिससे भूमि की उर्वरा शक्ति कम हुई है तथा कृषि उत्पादों की गुणवत्ता में कमी आई है एवं खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता कम हुई है इसलिए यदि भूमि की उर्वरा शक्ति बनाये रखना है और गुणवत्तायुक्त भाजन सामग्री की उपलब्धता बढ़ाना है तो जैविक खेती को अपनाना होगा। कार्यक्रम में दुर्ग, महासमुंद एवं रायपुर जिले के प्रगतिशील जैविक कृषक, गौठान समिति के सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में स्वागत भाषण देते हुए विभागाध्यक्ष डॉ. एम.सी. भाम्ब्री ने कहा कि भारत में आदि काल से जैविक खेती होती आ रही है, जिससे मृदा संरक्षण और जल संरक्षण के साथ-साथ मानव स्वास्थ्य बना रहता था। छत्तीसगढ़ शासन की गोधन न्याय योजना की चर्चा करते हुए उन्होंने इसे जैविक खेती के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया।

## महिला एवं बाल विकास मंत्री अनिला भेंड़िया ने बाल देखरेख संस्थाओं का किया निरीक्षण

रायपुर। महिला एवं बाल विकास विभाग एवं समाज कल्याण विभाग मंत्री श्रीमती अनिला भेंड़िया अपने एक दिवसीय कबीरधाम प्रवास के दौरान किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 के तहत संचालित शासकीय बालगृह बालक एवं विशेषीकृत दत्तक ग्रहण अभिकरण का निरीक्षण किया।



निरीक्षण के दौरान मंत्री श्रीमती भेंड़िया के साथ छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य श्रीमती पूजा खनुजा विशेष रूप से उपस्थित थे।

मंत्री श्रीमती भेंड़िया निरीक्षण के दौरान विशेषीकृत दत्तक ग्रहण अभिकरण कवर्धा में निवासरत बच्चों के स्वास्थ्य पोषण एवं सुरक्षा का जायजा लिया। विशेषीकृत दत्तक ग्रहण अभिकरण कवर्धा के प्रबंधक सत्यमित्र शास्त्री ने संस्था के गतिविधियों एवं उपलब्धिओं की जानकारी देते हुए बाताया की यह संस्था विशेषीकृत दत्तक ग्रहण अभिकरण किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 के तहत पंजीकृत है तथा यह संस्था 2015 से स्नेह संर्वोदय सेवा संस्था राजनांदगांव द्वारा संचालित किया जा रहा है। संस्था में 0 से 6 वर्ष के बच्चों का स्वास्थ्य पोषण एवं सुरक्षा का पालन किया जाता है तथा दत्तक ग्रहण विनियम 2017 के प्रावधानों के तहत दत्तक ग्रहण की प्रक्रिया पूर्ण किया जाता है। विशेषीकृत दत्तक ग्रहण अभिकरण कवर्धा से कुल 40 बच्चों की दत्तक ग्रहण की प्रक्रिया पूर्ण किया गया जो यहां से बच्चें देश-विदेश में निवासरत है। यहां 40 भावी दत्तक अभिभावकों ने पंजीयन कराया है जिनमें से 09 अभिभावकों को बच्चे प्राप्त हो चुके है। इस तरह संस्था द्वारा कुल 51 बच्चों को संरक्षण देकर स्वास्थ्य पोषण एवं सुरक्षा का लाभ दिया गया है।

यात्रियों को रेलवे का बड़ा झटका

## 6 से 16 अगस्त तक 68 ट्रेनें कैंसिल, नागपुर रेल मंडल के रेलवे स्टेशन में यार्ड के काम की वजह से मुश्किल

**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने एक बार फिर 68 ट्रेनों को कैंसिल करने का आदेश जारी कर दिया है। इस बार नागपुर रेल मंडल के कन्हान रेलवे स्टेशन के यार्ड आधुनिकीकरण और रीटा स्टील साइडिंग को जोड़ने के बहाने एक साथ इतनी बड़ी संख्या में गाड़ियों को रद्द किया गया है। रेल प्रशासन ने इससे यात्रियों को होने वाली असुविधा के लिए खेद जताया है। बीते 6 महीने से रेलवे कभी कोयला लदान तो कभी विकास कार्यों के बहाने लगातार ट्रेनों को कैंसिल कर रही है। स्थिति यह है कि कोरोना काल के बाद से स्थ्वष्टक्र की यात्री ट्रेनें अब तक पूरी तरह पटरी पर नहीं आ पाई है।




वहीं, ट्रेनों को लगातार कैंसिल करने का सिलसिला जारी है। इस बार SECR के नागपुर रेल मंडल के कन्हान रेलवे स्टेशन के यार्ड का आधुनिकरण और रीटा स्टील साइडिंग को जोड़ने का काम किया जा रहा है। इस दौरान नॉन इंटरलॉकिंग का भी काम किया जाएगा और ऑटो सिगनलिंग का काम होगा। इस वजह से 6 से 16 अगस्त तक एक साथ 68 पैसेंजर और एक्सप्रेस ट्रेनों को कैंसिल किया गया है।

नहीं रूक रही ऑनलाइन ठगी

## क्रेडिट कार्ड में पॉइंट मिलने का झांसा लिंक खोलते ही खाते से 6 लाख पार

**रायपुर।** राजधानी में ऑनलाइन ठगी की घटनाएं बढ़ती जा रही है। लगातार जागरुकता अभियान चलाने के बावजूद लोग ठगों के जाल में फंसकर पैसे गंवा रहे हैं। सरोना के युवक को क्रेडिट कार्ड में पॉइंट मिलने का झांसा देकर ठगों ने उनके खाते से 6 लाख 51 हजार उड़ा लिए। उन्हें बातों में फंसाकर एक लिंक भेजा। उन्होंने ठगों के कहने पर उस लिंक को क्लिक कर दिया। ऐसा करते ही उनके खाते से पैसे निकल गए। पुलिस ने बताया कि सरोना निवासी पी भास्कर राव का आईसीआईसीआई बैंक में खाता है। उनके पास 31 जुलाई को मैसेज आया कि क्रेडिट कार्ड में पॉइंट के तौर पर उन्हें 6850 रुपए मिले हैं।



उन्हें एक लिंक भेजा गया। उसमें कुछ जानकारी देने के लिए कहा गया। उन्होंने लिंक खोला तो उसके बाद खाते से 6.51 लाख पार निकाल लिया गया। वहीं पंडरी के होटल कारोबारी धनीराम साहू को 25 लाख की लॉटरी लगाने का झांसा दिया गया। प्रोसेस फीस के तौर पर अलग-अलग किश्त में पैसा जमा कराया गया।

## महँगाई के खिलाफ कांग्रेस का विशाल धरना प्रदर्शन

**बीजापुर ।** शुक्रवार 5 अगस्त को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार ज़िला मुख्यालय बीजापुर में ज़िला कांग्रेस कमेटी बीजापुर ने देश में बढ़ती महँगाई और बेरोज़गारी के खिलाफ विशाल धरना प्रदर्शन किया। और राष्ट्रपति के नाम ज़िला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने एक सुर में कहा कि कांग्रेस ने पिछले 70 सालों में देश के निर्माण में बहुमूल्य योगदान दिया है। देश में कृषि क्रांति, संचार क्रांति, रेल सेवा, देश की प्रतिष्ठित हवाई अड्डे, BSNL, बड़ी सिंचाई परियोजनायें, ऊंच शिक्षा, हाईवे सड़कें, AIIMS, HAL, NMDC, SCEL, NTPC, जैस संस्थानों को स्थापित किया है, जिन्हें मोदी सरकार और भाजपा षड्यंत्र पूर्वक निजीकरण कर देश की बहुमूल्य संपत्ति को अपने चुनिंदा उद्योगपति मित्रों को बेच रही है।

साथ ही देश के संवैधानिक संस्थाए जैसे चुनाव आयोग, श्ष्ठ, सीबीआई, जैसी प्रतिष्ठित संस्थाओं का दुरुपयोग कर देश की लोकतांत्रिक ढांचे को तहस-नहस करने में कोई भी कोरकसर भाजपा और मोदी सरकार नही छोड़ रही है।

**प्रदर्शन..** एक नेता के जेब से 50 हजार गायब और उन्हें पता तक नहीं चला

## कांग्रेसियों के धरने में चोरों का धावा:मोबाइल,पर्स जैसी चीजें चोरी

रायपुर। रायपुर में शुक्रवार को विरोध प्रदर्शन करने जुटे कांग्रेसी नेता चोरी की वारदात का शिकार हो गए। बताया जा रहा है कि कई नेताओं के सामान भीड़ में इधर-उधर हो गए। कुछ नेताओं के साथ हुई घटना से साफ पता चलता है कि प्रदर्शनकारियों की भीड़ में चोर भी घुसे बैठे थे।



मौका पाकर नेताओं की जेब से कीमती चीजें इन बदमाशों ने पार कर दी। दरअसल मामला राजधानी रायपुर के अंबेडकर चौक में आयोजित धरना कार्यक्रम से जुड़ा हुआ है। देश में बढ़ती महंगाई खाद्य पदार्थों पर लगे जीएसटी, अग्निपथ योजना का विरोध करने पूरे प्रदेश में कांग्रेसियों ने धरना दिया। रायपुर में भी कार्यक्रम हुआ धरना देने के बाद कांग्रेसी नेताओं का प्रतिनिधिमंडल राजभवन पहुंचकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर लौट आया। मगर जब कार्यक्रम खत्म हुआ तो बहुत से नेताओं के बीच खलबली मच गई। किसी का मोबाइल नहीं मिल रहा था तो किसी के महंगे ब्रांडेड जूते गायब थे।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि रायपुर जिला कांग्रेस कमेटी के ग्रामीण अध्यक्ष उधोराम वर्मा की जेब से किसी ने 50 हजार पार कर दिए। बताया जा रहा है कि विरोध प्रदर्शन कर रहे उधोराम वर्मा को पता ही नहीं चला कि कब उनकी जेब काट ली गई। पुलिस को शिकायत देकर उधोराम वर्मा ने कार्रवाई की मांग की है।

### पुलिस के लिए चैलेंज

इस प्रदेश स्तरीय धरना प्रदर्शन के दौरान तमाम विधायक, मंत्री, प्रदेश के बड़े कांग्रेसी नेता पहुंचे हुए थे। इन सभी को सिक्योरिटी प्रदान की गई है, वो पुलिस कर्मी तो साथ आए ही थे। प्रदर्शन की वजह से एक्स्ट्रा फोर्स डिप्लॉय की गई। कार्यक्रम बड़ा था। राजभवन एक प्रतिबंधित इलाका है। आसपास के कई थानों के थानेदार थाने का स्टाफ डीएसपी रैंक के अधिकारी एडिशनल एसपी जैसे अफसर खुद कार्यक्रम के बीच मौजूद थे। सामान चोरी करने वालों का हौसला खाकी को देखकर नहीं डिगा, जहां तमाम वीआईपी और पुलिस खुद मौजूद थी। वहीं चोरी का कांड कर डाला।

भाजपा का **SDM** दफ्तर में हंगामा

## कार्यकर्ता बोले- कांग्रेस हर एक बेरोजगर युवा की है कर्जदार, सबको 1 लाख 12 हजार 500 रुपए दे

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के जगदलपुर में भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने बढ़ती बेरोजगारी के खिलाफ स्ष्ठरू कार्यालय का घेराव किया है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि, रोजगार के अभाव में छत्तीसगढ़ का हर एक युवा परेशान है। प्रदेश में बेरोजगारी दर लगातार बढ़ती जा रही है।



युवाओं को रोजगार देने के साथ ही बरोजगारी भत्ता देने की मांग को लेकर कार्यकर्ता सड़क पर उतरे हैं। हालांकि, भाजपाइयों को रोकने के लिए पुलिस प्रशासन ने भी तगड़े इंतजाम कर रखे थे। युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष अविनाश श्रीवास्तव ने कहा कि, छत्तीसगढ़ की कांग्रेस अपने वादों से मुकर गई है। आज छ्त्र की कांग्रेस प्रदेश के हर एक बेरोजगार युवा की कर्जदार है। क्योंकि, उन्होंने अपने चुनावी वादों के अनुसार युवाओं को बेरोजगारी भत्ता नहीं दिया है। प्रति व्यक्ति 1 लाख 12 हजार 500 रुपए का कर्जा है। अविनाश ने कहा कि, यदि कांग्रेस युवाओं को रोजगार और बेरोजगारी भत्ता नहीं देती है तो हम कांग्रेस का पुरजोर विरोध करेंगे।

# समाजवादी अवधारणा और भारतीय संस्कृति में शिव

भारतीय संस्कृति में भगवान शिव को संहारक रूप में दर्शाया गया है। ब्रम्हा को सृष्टि का सृजनकर्ता और विष्णु को पालनकर्ता के रूप में वर्णन पौराणिक कथाओं में प्राप्त होता है। यह दिलचस्प है कि भगवान शिव का लोककल्याण कारक रूप उनके संहारक भूमिका की तुलना में ज्यादा असरदार और भविष्य के लिहाज से ज्यादा लोकहितकारी साबित हुआ।

### समुद्र मंथन का वक्त

लिंगपुराण में समुद्र मंथन की कथा का वर्णन है कि देवता और असुर समुद्र मंथन कर रहे थे। इस मंथन में अनेक रत्नों के साथ-साथ हलाहल विष भी निकला। दसों दिशाओं में अग्नि की लपटें निकलने लगी। किसी देवता को साहस नहीं हुआ कि आगे बढ़कर इस विष का पान करे। सब देवताओं ने मिलकर भगवान शिव से प्रार्थना किया कि इस विष को शांत करे। भगवान शिव समुद्र मंथन में शामिल नहीं थे। पर लोकहित में विषपान किया। भगवान शिव के इस लोककल्याणकारी भूमिका के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए गोस्वामी तुलसीदास जी कहते है कि-

विषपान के कारण ही शिवजी की संज्ञा मृतुन्जय हुई। इस विष को कंठ के नीचे नहीं उतरने दिया, अतः उनका दूसरा नाम नीलकंठ भी है। भगवान शिव के विषपान के पराक्रम से अभिभूत देवतागण उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करना चाहते थे। भगवान शिव तब हिमालय की गुफाओं में ध्यानस्थ थे। देवतागण कहने लगे महाराज आपने जो किया, वह आजतक कोई नहीं किया।

### इतिहासकार वासुदेव शरण अग्रवाल की राय

भगवान शिव ने कहा- इसमें कोई विचित्र बात नहीं है। मेरी दृष्टि में बड़ा वह है, जो संसार में भरे विष को पचा सके। सबके लिए वह प्रकट होता है। स्थूल विष की अपेक्षा कहीं अधिक भयंकर है। उस पर विजय पाना ही असली परुषार्थ है। शिव के विषपान की इस कथा के बारे में मनीषी इतिहासकार वासुदेव शरण अग्रवाल की राय है कि- शिव के विषपान की कथा इतिहास का तथ्य नहीं, जो किसी सुदूर अतीत में घटित हुआ। यह तो नित्य की लीला है, जो मन, प्राण और पंच महाभूतों के धरातल पर नित्य होती रहती है। ईश्वर की दिव्य-रचना का यह सर्वोत्कृष्ट नियम है कि यहां अमृत या विष देवों की विजय या असुरों की की पराजय निश्चित है।




अंग्रेजी मासिक मैनकाइंड लिखे राम कृष्ण और शिव के एक लेख में समाजवादी नेता राममनोहर लोहिया शिव ने ऐसा कोई काम नहीं किया, जिसका औचित्य उस काम से ही न ठहराया जा सके। देवता और मनुष्य दूर तक जा कर खोजना होता है। अनुचित कामों को ठीक ठहराने के लिए चतुराई से भरे, खीझ पैदा करने वाले तर्क पेश किए जाते हैं।

अंग्रेजी मासिक मैनकाइंड लिखे राम कृष्ण और शिव के एक लेख में समाजवादी नेता राममनोहर लोहिया शिव ने ऐसा कोई काम नहीं किया, जिसका औचित्य उस काम से ही न ठहराया जा सके। देवता और मनुष्य दूर तक जा कर खोजना होता है। अनुचित कामों को ठीक ठहराने के लिए चतुराई से भरे, खीझ पैदा करने वाले तर्क पेश किए जाते हैं।

झूठ को सच, गुलामी को आजादी और हत्या को जीवन करार दिया जाता है। इन दुष्टतापूर्ण तर्कों का एक मात्र इलाज है शिव का विचार, क्यों कि वह तात्कालिकता के सिद्धांत का प्रतीक है। उनका हर काम तात्कालिक औचित्य से भरा होता है। उसके लिए किसी पहले या बाद के काम को देखने की जरूरत नहीं होती। ईशान संहिता में बताया गया है कि फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी की रात्रि को आदिदेव भगवान शिव करोड़ो शिव के समान प्रभा वाले लिंग रूप में प्रकट हुए। ब्रम्हा और विष्णु दोनों चौकें कि हम दोनों से भिन्न यह तीसरा तत्व कहां से प्रकट हो गया। जो भी इसके आदि -अंत का पता लगा लेगा वही हम दोनों में श्रेष्ठ होगा। ब्रम्हा जी हंस वाहन पर सवार होकर ऊपर की और विष्णु जी वराह रूप धारण कर पाताल लोक की ओर चले।ब्रम्हा जी को रास्ते में केतकी का एक गिरता हुआ फूल मिला। पुष्प से पूछा तुम कहां से आ रहे हो। पुष्प ने कहा कि मैं इस स्तंभ के मध्यदेश से ही गिरा हूं।

ब्रम्हा जी समझ गये कि अभी तो मध्य ही नहीं आया है, तो अंत कहां होगा? ब्रम्हा जी ने पुष्प से कहा कि मैं सृष्टिकर्ता तुम्हारा पितामह हूँ। तुम साक्षी में कह देना कि मैंने अंत का पता लगा लिया है। रास्ते में एक गाय मिली, उसको भी साक्षी देने के लिए मना लिये।नीचे आकर ब्रम्हा जी ने दावा किया कि मैं अंत तक पहुंचकर पता लगा लिया है। साक्षी में यह गाय और केतकी का पुष्प है। ब्रम्हा, पुष्प और गाय झूठ सबने बोला।

इस मामले में विष्णु जी ने सत्य कहा- मैं आदि का पता नहीं लगा सका। आप श्रेष्ठ हैं। विष्णु जी ब्रम्हा जी की पूजा करने के लिए ज्यों ही आगे बढ़े। ज्योतिर्लिंग स्तम्भ से भगवान शिव प्रकट हुए। उन्होंने ने अपने भौंह का एक बाल उखाड़कर पृथ्वी पर मारा। भैरव प्रकट हुए। शिवाजी की आज्ञा से भैरव ने असत्य भाषण करने वाले ब्रम्हा जी का पंचम मुख काट लिया। श्री ब्रम्हा जी उसी समय से चतुर्मुख हो गए। शिवजी ने ब्रम्हा जी को यह भी शाप दिया कि तुम्हारी लोक में पूजा नहीं होगी। तुम्हारी पूजा केवल यज्ञकर्म में और पुष्कर में होगी। गौरतलब है कि पुष्कर के अलावा पूरे देश में ब्रम्हा जी का कही कोई मंदिर नहीं है।

मोहन सिंह

## संपादकीय

### श्री महामहिम के सामने चुनौतियां

अब भारत गणराज्य को पूर्वी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू हैं । शपथ के बाद उन्होंने कार्यभार संभाल लिया है । वह प्रथम आदिवासी महिला हैं, देश के असंख्य गरीबों, दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों की प्रतिबिम्ब हैं, यह देश के युवाओं, बेटियों और महिलाओं का एक आदर्श चेहरा हैं, प्राथमिकता है और सामर्य की झलक हैं, वह स्वतंत्र भारत में जन्मीं बेटी हैं, जो देश की राष्ट्रपति हैं, वह भारतीय लोकतंत्र की शक्ति का उदाहरण हैं कि एक गरीब, पिछड़ी, अंधेरों में घिरी बेटी और दूरदराज के आदिवासी इलाकों की एक चेहरा आज भारत के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर आसीन हैं। राष्ट्रपति मुर्मू ने एक नया सूत्र वाक्य दिया है- सबका प्रयास, सबका कर्त्तव्य। बेशक यह प्रधानमंत्री मोदी के सूत्र वाक्य का ही विस्तार है। राष्ट्रपति देश के औसत नागरिक को प्रयास और उसके कर्तव्य का बोध भी करा रही हैं। महामहिम द्रौपदी मुर्मू का ज़िन्दगीनामा और अभाव, विरोधाभासों के बीच संघर्षो का सफरनामा देश के सामने अब एक खुली किताब है। अब उनके संवैधानिक जीवन का नया अध्याय शुरू हुआ है, लिहाजा उसी आधार पर मूल्यांकन किया जाना चाहिए कि महामहिम मुर्मू क्या निर्णय लेती हैं। वह जुहरीली राजनीति की प्रतिनिधि है अथवा मूर्ति साबित होंगी, ऐसी कीचडनुमा राजनीति पीछे छोड़ देनी चाहिए, क्योंकि आज वह संपूर्ण भारत की राष्ट्रपति हैं। फिलहाल अच्छी-अच्छी बातें करने या मुर्मू का स्तुतिगान करने की परंपरा रही है, लिहाजा आलोचना वक्त पर ही करनी चाहिए, लेकिन आदिवासी समाज के कुछ कुरूप यथार्थ भी हैं, जो महामहिम मुर्मू के संज्ञान में भी होंगे। फिर भी प्रसंगवश हम कुछ आंकड़े पेश कर रहे हैं।

# गुमनाम ही रह गया स्वाधीनता सेनानी और तिरंगे का वास्तुशिल्पी

*भारत इस साल आजादी का अमृत महोत्सव और हर घर तिरंगा अभियान मना रहा है। इस अभियान के जरिए भारत के लगभग 150 करोड़ लोगों को राष्ट्रीय ध्वज की महिमा और आजादी के आन्दोलन की याद दिलाई जा रही है तो लाजिमी है कि हम उस महान सख्शियत को भी याद कर लें जिसके डिजाइन पर आज हमारी आन-बान और शान का प्रतीक हमारा राष्ट्रीय ध्वज ''तिरंगा'' दुनिया के सामने बड़े गर्व से लहरा रहा है।*

दरअसल, स्वाधीनता आन्दोलन में पिंगली वेंकय्या ने राष्ट्रीय ध्वज का डिजाइन दे कर भारत को यह विशिष्ट पहचान दी इसलिए राष्ट्र हमेशा उनका ऋणी रहेगा। हमें अब नेता, अभिनेता और क्रिकेट खिलाड़ी तो याद रहते हैं मगर वे याद नहीं रहते जिनकी बदौलत हम आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं।

वेंकय्या हमारे स्वतंत्रता संग्राम के गुमनाम नायक थे, जिन्होंने बहुत बड़ा योगदान दिया। उन्होंने अपना पूरा जीवन राष्ट्र को समर्पित कर दिया और भारत को एक स्वतंत्र देश बनाने के लिए अथक प्रयास किया।




स्वाधीनता आन्दोलन में पिंगली वेंकय्या ने राष्ट्रीय ध्वज का डिजाइन दे कर भारत को यह विशिष्ट पहचान दी इसलिए राष्ट्र हमेशा उनका ऋणी रहेगा। हमें अब नेता, अभिनेता और क्रि केट खिलाड़ी तो याद रहते हैं मगर वे याद नहीं रहते जिनकी बदौलत हम आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं।

राष्ट्र ध्वज के वास्तुशिल्पी पिंगली वेंकय्या का जन्म 2 अगस्त, 1876 को हुआ था। उनका पालन-पोषण एक तेलुगू ब्राह्मण परिवार में आंध्र प्रदेश के मछलीपट्टनम के पास भाटलापेनुमरु में पिता हनुमंतरायडू और माता वेंकटरातनमा के यहां हुआ था। मद्रास में अपनी हाई स्कूल की पढ़ाई पूरी करने के बाद, वह स्नातक की पढ़ाई करने के लिए कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय चले गए। उन्हें भूविज्ञान और कृषि का शौक था। वह न केवल एक स्वतंत्रता सेनानी थे, बल्कि एक कट्टर गांधीवादी, शिक्षाविद, कृषक, भूविज्ञानी, भाषाविद् और लेखक थे।

वास्तव में पिंगली वेंकय्या एक उत्साही ध्वज उत्साही थे, जिन्होंने 1916 में 'भारत के लिए एक राष्ट्रीय ध्वज' नामक एक पुस्तिका प्रकाशित की जिसमें उन्होंने ध्वज के चौबीस डिजाइन प्रस्तुत किए थे। 1921 में बेजवाड़ा (अब विजयवाड़ा) में आयोजित अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सत्र के दौरान पिंगली वेंकय्या ने स्वराज ध्वज के रूप में जाना जाने वाला एक ध्वज डिजाइन गांधी जी के समक्ष पेश किया। वही डिजाइन अब भारत के वर्तमान राष्ट्रीय ध्वज का आधार बना है। शुरू में इसमें देश के दो प्रमुख समुदायों- हिंदू और मुस्लिम का प्रतीक करने के लिए लाल और हरे रंग की पट्टियां शामिल थीं।

महात्मा गांधी की सलाह पर, पिंगली वेंकय्या ने खादी बंटिंग पर चरखा डिजाइन के साथ हरे रंग के ऊपर लाल रंग के ऊपर एक सफेद बैंड जोड़ा। सफेद रंग शांति और भारत में रहने वाले बाकी समुदायों का प्रतिनिधित्व करता था, और चरखा देश की प्रगति का प्रतीक था। उनके डिजाइन ने भारत और उसके लोगों को एक पहचान दी थी। स्वतंत्रता संग्राम के दिनों में, ध्वज ने एकजुट होने और स्वतंत्रता की भावना को जन्म देने में मदद की। हालाँकि पहले तिरंगे को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा आधिकारिक रूप से स्वीकार नहीं किया गया था, लेकिन इसे सभी कांग्रेस अवसरों पर फहराया जाने लगा। गांधीजी की स्वीकृति ने इस ध्वज को काफी लोकप्रिय बना दिया था और यह 1931 तक उपयोग में था। वर्ष 1931 ध्वज के इतिहास में एक यादगार मोड़ आया। हालांकि रंगों को लेकर ध्वज ने सांप्रदायिक चिंताएं बढ़ा दी थीं, जिसके बाद 1931 में एक ध्वज समिति का गठन किया गया। समिति के सुझाव पर कांग्रेस कार्य समिति बदलाव के साथ एक नया तिरंगा लेकर आई थी जिसे पूर्ण स्वाराज कहा गया। उसी वर्ष तिरंगे ध्वज को हमारे राष्ट्रीय ध्वज के रूप में अपनाने के लिए एक प्रस्ताव पारित किया गया।

जयसिंह रावत

## मिला जुला

# 21वीं राज्य स्तरीय जूनियर बेडमिंटन प्रतियोगिता का हुआ समापन

### खिलाड़ियों ने कहा सुकमा में गुजारे दिन यादगार रहेंगे

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।



सुकमा जिला मुख्यालय स्थित स्वर्गीय कवासी हड़मा इनडोर स्टेडियम में 21वीं राज्य स्तरीय जूनियर बेडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन 5 दिवसों तक किया गया है। जिसमें दुर्ग, जगदलपुर, बीजापुर, राजनांदगांव, दन्तेवाड़ा, रायगढ़, बिलासपुर तथा अन्य जिलों के खिलाड़ियों ने अपने खेल कौशल का जौहार दिखाया। 1 अगस्त से प्रारम्भ हुए इस प्रतिस्पर्धा में लगभग 120 खिलाड़ियों ने एकल, युगल और मिश्रित वर्ग में बेडमिंटन खेला। आज इस प्रतियोगिता का समापन सभी वर्गों के फ इनल मैच खेलकर हुआ। जिसमें बालक वर्ग के एकल में एमव्ही अभिषेक, युगल में प्रभजीत सिंह और एमव्ही अभिषेक की जोड़ी ने बाजी मारी। वहीं बालिका वर्ग एकल में तनु चन्द्रा तथा युगल में हिरल चौहान और तनु चन्द्रा की जोड़ी ने जीत हासिल की। मिश्रित युगल वर्ग में एमव्ही अभिषेक और शिवानी पिल्लई विजेता रहे। प्रतिस्पर्धा में भाग लेने आए सभी खिलाड़ियों और उनके परिजनों ने कहा कि सुकमा जिला वैसा नहीं है जैसी हमने कल्पना की थी। यह जिला बहुत ही सुन्दर और विकासशील जिला है। जहां खेल प्रतिभा को प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए बड़े शहरों की तर्ज पर जिले में भी बेहतर अधोसंरचना तैयार किया गया है। खिलाड़ियों ने कहा कि सुकमा में गुजाने ये 5 दिन सदैव उनकी स्मृति पटल में जीवन्त रहेंगे। प्रतिस्पर्धा के समापन के अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश कवासी, सुकमा जिला बेडमिंटन एसोशिएशन एवं सुकमा नगर पालिका के अध्यक्ष जगन्नाथ साहूए कलेक्टर हरिस एस पुलिस अधीक्षक सुनील शर्मा एवं जनप्रतिनिधियों ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार राशि का चेक और स्मृति चिन्ह प्रदान कर उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर हरीश कवासी ने कहा कि युवा देश के भविष्य हैं। पढ़ने लिखने के साथ ही इन्हें खेल में प्रोत्साहित करना जरूरी है। विभिन्न प्रकार के खेलों से युवा ना सिर्फ शारीरिक बल्कि मानसिक रूप से भी सशक्त बनते हैं। सुकमा जिला में युवाओं को खेल के प्रति प्रोत्साहित किया जा रह है और उनकी प्रतिभा का तराशने के लिए पर्याप्त संसाधन एवं अधोसंरचना विकास किया जा रहा है। उन्होंने अन्य जिले से आए खिलाड़ियों को खूब बधाई दी और सुकमा की बदलती तस्वीर को अपने शहरी मित्रों के साथ साझा करने को कहा। इसी प्रकार जगन्नाथ साहू एवं कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने सभी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए भविष्य में बेहतर खेल प्रदर्शन करने की शुभकानाएं दी।




# प्रभार लेते ही एसडीएम ने ली अधिकारियों की बैठक

* बैठख खत्म कर टीकाकरण का किया निरीक्षण

जोहार छत्तीसगढ़-देवभोग।



देवभोग अनुभाग का प्रभार लेते ही नये एसडीएम अर्पिता पाठक यहां के स्थानीय अधिकारियों की बैठक ली। एसडीएम जनपद बैठक हाल में सभी विभागीय कार्यो की समीक्षा की वही कोविड टीकाकरण को लेकर स्थानीय अधिकारीयों को विशेष सहयोग करने की अपील करते हुये आवश्यक निर्देश भी दिये। बैठक मे ब्लाक स्तरीय विभागो मे पंचायत, स्वास्थ्य,शिक्षा,राजस्व महिला बाल विकास जल संसाधन सहित सभी विभाग के विभाग प्रमुख उपस्थित थे। एसडीएम सुश्री पाठक ने विभाग प्रमुखो के बैठक मे कामकाज को विशेष रूचि लेकर करने के निर्देश भी दिये।

### स्कूलों में चल रहे कोविड टीकाकरण का किया निरीक्षण



देवभोग एसडीएम स्थानीय अधिकारीयों की बैठक लेने के बाद देवभोग के कस्तुरबा आवासीय विद्यालय, खुटगांव जामगांव सहित आधे दर्जन स्कूलों में चल रहे टीकाकरण का निरीक्षण किया। उनके साथ सीईओ एम एल मण्डावी बीईओ प्रदीप शर्मा सहित बीएम ओ अंजु सोनवानी और सुपरवाइजर आर सी वर्मा भी मौजूद थे।

# किसान,मजदूर और कानून व्यवस्था के मुद्दों पर बीज निगम अध्यक्ष ने कलेक्टर, एसपी से की बात

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

छग राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम के अध्यक्ष केबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त अग्नि चंद्राकर से बुधवार को यहां सर्किट हाउस में जिले के कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर और पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने सौजन्य मुलाकात की।



इस दौरान किसानए मजदूर और कानून व्यवस्था के मुद्दों पर चर्चा भी हुई। फेडरेशन में सालों से काम कर रहे श्रमिकों ने निगम अध्यक्ष चंद्राकर के माध्यम से अपनी चिंताएं और मांगें कलेक्टर और फेडरेशन के अधिकारियों के समक्ष रखी। चंद्राकर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि श्रमिकों का अहित नहीं होना चाहिए। वहीं कोडार जलाशय से सिंचाई के लिए पानी छोड़ने की मांग को लेकर पहुंचे नांदगांव क्षेत्र के किसानों की बात प्रमुखता से रखी गई। बताया गया कि वर्षा की कमी की वजह से खेत सूखने लगे हैं। सिंचाई के लिए कोडार जलाशय से पानी छोड़ना अब जरूरी हो गया है। ताकि खेती कार्यों को गति मिल सके। निगम अध्यक्ष चंद्राकर ने नवागत पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल से चर्चा करते हुए आम जनता के बीच पुलिस की बेहतर छवि गढ़ने, नशीली वस्तुओं से संबंधित अवैध कारोबार पर अंकुश और आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम के लिए प्रभावी कार्रवाई निरंतर जारी रखने की बात कही।

# मुख्यमंत्री नोनी सशक्तीकरण सहायता योजना के तहत

### बेटियों को मिलेगी 20 हजार रूपये प्रोत्साहन राशि

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

राज्य सरकार द्वारा अपने राज्य के विकास और जनता के आर्थिक व सामाजिक उत्थान के लिए समय-समय पर कई योजनाओं को लागू किया जा रहा है। इसी प्रकार से प्रेदश सरकार द्वारा श्रमिकों के जीवन स्तर में सुधार लाने की ओर एक और कदम बढ़ाया गया मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस वर्ष गणतंत्र दिवस पर जनता के नाम संदेश में मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना 2022 का शुभारम्भ किया गया। इस योजना का लाभ उन सभी श्रमिकों को मिल सकेगा जो छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में पंजीकृत हो चुके हैं। इस योजना का मुख्य उद्देश्य श्रमिक परिवार की बेटियों को शिक्षा, रोजगार, विवाह आदि में आर्थिक सहायता प्रदान कर सशक्तीकरण को बढ़ावा देना है। इस योजना में पंजीकृत श्रमिकों या मजदूरों के परिवार की प्रथम दो बेटियों को जिसकी उम्र न्यूनतम 18 वर्ष और 21 वर्ष से अधिक न हो तथा वह अविवाहित हो उन्हें 20-20 हजार रुपए की आर्थिक व सामाजिक सहायता प्रदान की जाएगी। श्रमि मजदुर परिवार आर्थिक और सामाजिक रूप से कमजोर वर्ग में आता है। आर्थिक रूप से कमजोर होने की स्थिति में श्रमिक परिवार के बच्चों को खास तौर पर बालिकाओं को अपनी पढ़ाई बीच में ही छोड़ देनी पड़ती है। ऐसी स्थिति में वे अशिक्षित रह जाती हैं जिससे उनका आर्थिक तथा सामाजिक रूप से शोषण होने लगता है। श्रमिक परिवार की बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से तथा उन्हें शिक्षा, रोजगार तथा अपने विवाह हेतु आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए शुरुआत की गयी है। नोनी सशक्तिकरण योजना के तहत गरीब श्रमिकों के परिवार की बेटियों को प्रदेश सरकार द्वारा उनके बैंक खाते में धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी। जिसकी सहायता से वह अपनी शिक्षा को ग्रहण कर सकेंगी। साथ ही धनराशि की सहायता से अपना विवाह कर सकेंगी।

# चातुरी डिग्रीलाल नंद बनी छत्तीसगढ़ टीचर एसोसिएशन की जिला समन्वयक

जोहार छत्तीसगढ़-बसना।



शिक्षिका चातुरी नंद को छत्तीसगढ़ टीचर एसोसिएशन ने बड़ी जिम्मेदारी देते हुए जिला समन्वयक के रूप में नई जवाबदारी सौंपी है। नंद ने इस बड़ी जवाबदारी के लिए संगठन के प्रदेश एवम जिला के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जो जिम्मेदारी मुझे दी गई है उसकी पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से निर्वहन करूंगी तथा संगठन के भरोसे पर खरा उतरने का प्रयास करूंगी। बता दें कि शिक्षिका चातुरी डिग्रीलाल नंद बसना विकासखंड के शाण् पूर्व माध्यमिक शाला भूकेल में उच्च वर्ग शिक्षिका के रूप में अपनी सेवाएं दे रही है। नंद संगठन के कार्यों में बढ़-चढ़ कर भाग लेती है और बेहद ही सक्रिय और जुझारू मानी जाती है। नंद की नियुक्ति से जिले के शिक्षकों में हर्ष का माहौल है।



# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भेंट मुलाकात कार्यक्रम के दौरान नागपुर को उपतहसील बनाने की घोषणा हुई साकार

## उपतहसील कार्यालय नागपुर का हुआ शुभारंभ, ग्रामवासियों ने किया मुख्यमंत्री का धन्यवाद, कहा इस क्षण का बेसब्री से था इंतजार

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।






मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा जिला प्रवास के दौरान बहरासी में आयोजित भेंट मुलाकात कार्यक्रम में ग्रामीणों की बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा करते हुए विकासखंड मनेन्द्रगढ़ के नागपुर को उपतहसील बनाने की घोषणा की गई थी। घोषणा को साकार रूप देते हुए उपतहसील कार्यालय का शुभारंभ किया गया है। सरगुजा क्षेत्र विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं भरतपुर सोनहत विधायक गुलाब कमरो द्वारा नागपुर उपतहसील कार्यालय का औपचारिक उदघाटन किया गया। इस दौरान कलेक्टर कुलदीप शर्मा, ओएसडी पी एस ध्रुव, स्थानीय जनप्रतिनिधि तथा अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को शुरुआत में छतीसगढ़ महतारी के छायाचित्र में माल्यार्पण और पूजा.अर्चना की गई। इसके बाद उपतहसील कार्यालय में फ ीता काटकर शुभारंभ किया गया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम में सविप्रा उपाध्यक्ष एवं विधायक कमरों ने उद्बोधन में क्षेत्र की जनता को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री बघेल द्वारा दी गई सौगात से राजस्व सम्बन्धी मामलों के निराकरण के लिए ग्रामीणों को 20 किमी दूर मनेन्द्रगढ़ तक नहीं जाना पड़ेगा।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने बहरासी में भेंट मुलाकात कार्यक्रम में जो घोषणा की थी। वो आज एक महीने के भीतर ही पूर्ण हुई है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा प्रशासनिक विकेंद्रीकरण से राज्य में बेहतर प्रशासन स्थापित करने की मंशा का उल्लेख करते हुए इस अवसर पर कलेक्टर शर्मा ने बताया कि नागपुर के उपतहसील बनने से 18 ग्राम पंचायतों के 29 गांवों के लोगों राजस्व मामलों के निराकरण की सुविधा मिलेगी। कलेक्टर शर्मा ने नायब तहसीलदार को उपतहसील कार्यालय में उपस्थिति के दिन एवं समय लोगों की सुविधा हेतु चस्पा किए जाने के निर्देश दिए। ग्रामवासियों ने किया मुख्यमंत्री का धन्यवाद, कहा इस क्षण का बेसब्री से था इंतजार, राजस्व मामलों के लिए नहीं जाना होगा दूर ग्राम हर्रा के मधुकांत दुबे ने बताया कि नागपुर उपतहसील बनने से यहां सभी बहुत खुश हैं। जिन राजस्व कार्यों के लिए पहले मनेन्द्रगढ़ तक जाना पड़ता था। वे अब यहीं हो जाएंगे। इसके लिए पूरे क्षेत्रवासियों की ओर से मैं शासन तथा प्रशासन को धन्यवाद देता हूं।

वहीं गुंजेश्वर यादव ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा दी गई सौगात का हम बेसब्री से इंतजार कर रहे थे और आज वो दिन आ गया जब नागपुर उपतहसील बन गया है। अब राजस्व प्रकरण के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा।

## एक नजर

आजादी का अमृत महोत्सव

### 11 से 17 अगस्त तक हर घर लहराएगा तिरंगा

कलेक्टर, सीईओ समेत अन्य अधिकारियों ने खरीदा तिरंगा

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।



आजादी के अमृत महोत्सव के तहत देश की आजादी के 75वीं वर्षगांठ पर देशप्रेम को उत्साह से मानने के लिए शासन द्वारा हमर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत 11 से 17 अगस्त तक सभी शासकीय भवनों, स्कूलों, आश्रम शालाओं में साथ ही घरों में भी तिरंगा झंडा लगाया जाएगा। इसी अनुक्रम में संयुक्त जिला कार्यालय भवन में महिला स्व सहायता समूह द्वारा स्टॉल लगाया गया। कलेक्टर कलेक्टर हरिस एस मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत देवनारायण कश्यप सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी व कर्मचारियों ने तिरंगा की खरीदी की। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत् शासन के निर्देश पर हर घर तिरंगा हमर तिरंगा अभियान के दौरान प्रत्येक सरकारी भवन, निजी प्रतिष्ठान के साथ ही घरों में 11 से 17 अगस्त तक तिरंगा फहराया जाएगा।

### कलेक्टर ने सी-मार्ट से खरीदा तिरंगा झण्डा

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले के हर घर में तिरंगा झण्डा लगाने हेतु कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में चलाए जा रहे हमर तिरंगा अभियान को सफ ल बनाने हेतु जिला प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां सुनिश्चित की जा रही है। कलेक्टर जितेन्द्र कुमार शुक्ला ने इस अभियान में पूरे जिलेवासियों की अनिवार्य भागीदारी सुनिश्चित करने का संदेश देने के लिए शुक्रवार को सी.मार्ट बेमेतरा में महिला स्वसहायता समूह द्वारा लगाए गए स्टॉल में पहुंचकर तिरंगा खरीदा। इस दौरान कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित सभी लोगों को अनिवार्य रूप से तिरंगा खरीदकर हमर तिरंगा अभियान में सक्रीय भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकरी राजस्व बेमेतरा युगल किशोर उर्वशा एवं सी-मार्ट के संचालनकर्ता उपस्थित थे।

# रेहटीखोल चेकपोस्ट में लक्जरी कार की चेकिंग में मिले डेढ़ करोड़ के चांदी के जेवर

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।



जिले की पुलिस ने रेहटीखोल चेकपोस्ट चांदी के अवैध तस्करी के मामले में बड़ी कामयाबी हासिल की है। लग्जरी कार के जरिए तस्करी कर रहे दो लोगों के पास से 251.900 ग्राम चांदी के जेवर बरामद किया गया है। इसकी कीमत एक करोड़ 51 लाख रुपए बताई गई है। भोजराम पटेल से मिले निर्देश के बाद पुलिस ने बार्डर के थाना क्षेत्रों पर थाना/चौकी प्रभारियों वाहनों की सघन चेकिंग व तलाशी ली जा रही थी। इसी बीच 3 अगस्त 2022 को सिंघोडा थाना क्षेत्र के अंतर्गत अन्तर्राजीय चेक पोस्ट रेहटीखोल छग.ओड़िशा बॉर्डर के पास पुलिस पार्टी द्वारा संदिग्ध गाड़ियों की चेकिंग की जा रही थी तभी बरगढ़ ओडिसा की तरफ से एक सफेद रंग की रेनॉल्ट डस्टर कार क्रमांक सीजी 04 ब्स् 6777 तेज रफ्तार से छत्तीसगढ़ की ओर आ रही थी। उक्त वाहन को चेक पोस्ट के पास रोका गया। पुलिस ने देखा कि इस कार में दो व्यक्ति बैठे मिले। जिनसे पूछताछ करने पर ड्राईवर के बगल सीट पर बैठे व्यक्ति ने अपना नाम राम रूचि पटेल पिता जगन्नाथ पटेल उम्र 36 वर्ष निवासी बोरिया खुर्द संतोषी मंदिर के पास रायपुर एवं वाहन चालक ने अपना नाम शिव कुमार गंधर्व पिता फगू राम गंधर्व उम्र 24 वर्ष निवासी पचपेडी नाका रायपुर का रहने वाला बताया। इसके बाद वाहन की तलाशी ली गई। कार की डिक्की में अलग अलग 20 बैग एवं 01 नग अटैची मिली जिसे खोल चेक करने पर भारी मात्रा में चांदी की ज्वेलरी एवं नगदी रकम पाई गई। लइस संबंध में पूछताछ करने पर वाहन में सवार दोनो व्यक्तियों नें बताया कि अनिल ललित ज्वेलर्सए सदर बाजार रायपुर में काम करते है पुलिस की टीम द्वारा दोनो व्यक्तियों से नगदी रकम व चांदी की ज्वेलरी के संबंध में दस्तावेज दिखाने को कहा गया तो वे कोई भी वैधानिक दस्तावेज पेश नही कर सके। इसके बाद पुलिस ने उक्त 2.900 किलो चांदी के जेवरात, 72 हजार नगद और रेनॉल्ट डस्टर कार क्र0 सीजी 04 ब्स् 6777 को जब्त किया। मामले को लेकर थाना सिंघोडा में धारा 41;14 जाफै धारा 379 भादवि के तहत मामला दर्ज किया गया है

# कांग्रेस पार्टी ने राष्ट्रपति भवन घेराव कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के कांग्रेसी काफी संख्या में शामिल हुए

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।



सांसद से मिले छतीसगढ़ के कोंग्रेसी केंद्र में मोदी सरकार आने के बाद लगातार मंहगाई बढ़ती जा रही है जिसके विरोध में कांग्रेस पार्टी द्वारा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी कार्यालय से राष्ट्रपति भवन का घेराव कार्यक्रम रखा गया। जिसमे छतीसगढ़ के कोंग्रेसी काफी संख्या में शामिल हुए धरना में शामिल होने के बाद कांग्रेस जन छतीसगढ़ से नवनिर्वाचित सांसद राजीव शुक्ला से मुलाकात किया मंडी अध्यक्ष कोटा संदीप शुक्ला ने सांसद से बिलासपुर जोन के स्टेशनों में ट्रेन ठहराव बंद होने की शिकायत कर शीघ्र ही पूर्ववत संचालन की मांग की आवेदन मे लिखा की कोटा, सलका, बेलगहना, टेंगन माडा, खोगसारा, खोदरी में ट्रेन गुजरती है। किन्तु ठहरती नहीं जिससे स्कूल कॉलेज के विद्यार्थियों, दैनिक मजदूर, छोटे व्यापारियों, किसानों एवं आम जनता को भारी तकलीफ ो का सामना करना पड़ता है। उद्योग एवं आबकारी मंत्री कवासी लखमा ने सांसद को बस्तर आने का न्योता दिया और वर्षो से लंबित रावघाट नारायण पुर रेल लाइन परियोजना को शीघ्र स्वीकृति दिलाने की बात कही। प्रदेश प्रवक्ता आरपी सिंह ने सांसद शुक्ला को छतीसगढ़ सरकार द्वारा चलाये जा रहे योजनाओं की जानकारी देते हुए छतीसगढ़ के विकास मॉडल की तारीफ की। सांसद राजीव शुक्ला ने कहा की छतीसगढ़ की पहचान पुरे भारत देश मे किसान उनमुखी योजनाओं को लेकर हुई है जिसके लिए छतीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बधाई के पात्र है उन्होंने कहा की हिमांचल प्रदेश के चुनाव प्रभारी होने के कारण जब भी वे वंहा जाते है तो छतीसगढ़ के विकास मॉडल की बात करते है जिसका असर वंहा की चुनावी सभावों मे देखने को मिलता हैसांसद राजीव शुक्ला ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वत किया की छतीसगढ़ के विकास और उन्नति के लिए उनका सहयोग सदैव रहेगा आगामी छतीसगढ़ के दौरे में आने पर पार्टी के पदाधिकारी और विधायकों के साथ बैठक कर भविष्य की रणनीति तैयार करने की बात कही।

# मेडिकल कॉलेज का झूठा श्रेय लूटकर चंद्राकर राजनीतिक पाखंड का निर्लज्ज प्रदर्शन कर रहे-रूपकुमारी

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।



भारतीय जनता पार्टी की जिला अध्यक्ष और पूर्व संसदीय सचिव रूपकुमारी चौधरी ने महासमुंद में मेडिकल कॉलेज को मिली मान्यता व अनुमति को लेकर संसदीय सचिव विनोद चंद्राकर द्वारा लिए जा रहे श्रेय को राजनीतिक पाखंड का निर्लज्ज प्रदर्शन बताया है। चौधरी ने कहा कि भाजपा के क्षेत्रीय सांसद चुन्नीलाल साहू के अनथक प्रयासों व स्वास्थ्य मंत्रालय से सतत चर्चा का सुपरिणाम रहा है कि महासमुंद के मेडिकल कालेज को इस सत्र से प्रारंभ करने की अनुमति मिली है। इसलिए कांग्रेस के लोगों और जनप्रतिनिधियों को अपनी राजनीतिक बेहयाई से बाज आना चाहिए। चौधरी ने कहा कि झूठा श्रेय लूटने और झूठ का बाजार सजाने में कांग्रेस के लोगों को जरा भी लज्जा अनुभव नहीं हो रही है। बात बेबात केंद्र सरकार को कोसकर अपनी राजनीतिक आजीविका चलाने वाले कांग्रेस के लोगों को केंद्र सरकार द्वारा महासमुंद में इस सत्र से मेडिकल कॉलेज खोलने की दी गई अनुमति पर अपना वृथा गाल बजाना शोभा नहीं देता। इस मेडिकल कॉलेज के खुलने का श्रेय केवल, और केवल भाजपा नेताओं, जनप्रतिनिधियों व भाजपानीत केंद्र सरकार को जाता है। चौधरी ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार के भरोसे तो यह मेडिकल कॉलेज महासमुंद के लिए सिर्फ बनकर रह जाती। प्रदेश सरकार और उसकी चाटुकार मंडली को इस कॉलेज के लिए अपने मुंह मियां मिट्ठू बनने से पहले अपने गिरेबां झांक लेना चाहिए। चौधरी ने कहा कि यह मेडिकल कॉलेज तो पिछले दो सत्र पहले ही खुलनी थी। लेकिन सियासी लफ्फ ाजियां करने वाली प्रदेश की अकर्मण्य कांग्रेस सरकार ने कॉलेज खोले जाने की न तो जरूरी औपचारिकताएं पूरी की और न ही जरूरी और बुनियादी व्यवस्था पूरी करने पर ध्यान दिया। जिसके कारण पिछले दो सत्रों में महासमुंद मेडिकल कॉलेज की अनुमति तक नहीं मिली थी। प्रदेश सरकार ने तो अब भी बुनियादी व्यवस्था नहीं की है और न ही संसाधन जुटाए हैं। बावजूद इसके केंद्र सरकार ने राज्य सरकार द्वारा इन्फ्रास्ट्रक्चर की कमियां दूर कर लिए जाने और संसाधन जुटा लेने की प्रत्याशा में इस कॉलेज को खोलने की अनुमति दी है। चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने महासमुंद जिले को आकांक्षी जिला घोषित कर यहां मेडिकल कॉलेज खोलने की स्वीकृति दी थी लेकिन प्रदेश सरकार और कांग्रेस के लोगों को शर्म महसूस करनी चाहिए कि 50 प्रतिशत राशि केंद्र सरकार से मिलने के बाद भी प्रदेश सरकार दो साल से एक अदद कॉलेज का इन्फ्र ास्ट्रक्चर तक खड़ा नहीं कर पाई और अब आंखों की शर्म को ताक पर रखकर झूठी वाहवाही बटोर रहे हैं। कांग्रेस की प्रदेश सरकार की अकर्मण्यता के चलते दो सौ छात्रों को अपने अध्ययन से वंचित रहना पड़ा।

# जल्द पूर्ण होगा केल्हारी तहसील कार्यालय भवन निर्माण, बढ़ेंगी जनसुविधाएं

तहसील का दर्जा मिलने से 74 गांवों के लोगों को मिल रही राजस्व प्रकरणों के निराकरण में सहूलियत

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।





जिले में केल्हारी अंतर्गत नवीन तहसील कार्यालय भवन निर्माण जल्द ही पूरा हो जाएगा। जिससे ग्रामीणजन को राजस्व मामलों में सुविधाएं भी बढ़ेंगी। राज्य शासन द्वारा प्रदेश के 17 जिलों के 27 तहसील कार्यालय भवन निर्माण हेतु 19.20 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। प्रति तहसील कार्यालय भवन निर्माण के लिए शासन द्वारा 71.12 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। वर्तमान में तहसील कार्यालय केल्हारी का संचालन पूर्वनिर्मित उपतहसील भवन में किया जा रहा है। जहां ग्रामीणों के लिए बैठने की सुविधा हेतु सीमेंट चबूतरा और बेंच की व्यवस्था की गई है। नवीन तहसील भवन का निर्माण लोक निर्माण विभाग द्वारा किया जा रहा हैए जो जल्द ही पूर्ण कर लिया जाएगा। तहसील क्षेत्र के अंतर्गत 33 ग्राम पंचायतों के 74 गांवों के 33 हजार से ज्यादा आबादी को राजस्व प्रकरणों के निराकरण में सहूलियत मिल रही है। जिले के नागरिकों को प्रशासनिक सुविधाओं की पहुंच सुलभ बनाने के उद्देश्य से प्रशासनिक व्यवस्था का विकेन्द्रीकरण कर दूरस्थ क्षेत्रों में प्रशासकीय संस्थाओं को प्रारंभ किया गया है।

# 15 लीटर अवैध शराब जप्त

**कोरबा** । पुलिस अधीक्षक कोरबा संतोष सिंह द्वारा चलाए जा रहे निजात अभियान के अंतर्गत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोरबा अभिषेक वर्मा के मार्गदर्शन, नगर पुलिस अधीक्षक कोरबा योगेश साहू के पर्यवेक्षण में लगातार कार्यवाही किया जा रहा है । 04 अगस्त 2022 को थाना उरगा पुलिस द्वारा ग्राम साजापानी में आरोपी शरन सिंह कँवर पिता गुरुवार सिंह कँवर उम्र 46 वर्ष ग्राम सजापानी,थाना उरगा, कोरबा के कब्जे से 15 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 1500 रुपए जप्त कर धारा 34-2, आबकारी अधिनियम के अंतर्गत आरोपी शरन सिंह कँवर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

# संसदीय सचिव की मौजूदगी में नवनिर्वाचित पालिकाध्यक्ष राशि महिलांग ने किया पदभार ग्रहण

विकास और अच्छे शहर की कल्पना को साकार करने पर दिया जाएगा जोर- राशि महिलांग

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।



संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर की मौजूदगी में नगर पालिका परिषद के नव निर्वाचित अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने आज पदभार ग्रहण किया। इस दौरान पार्षदों, कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों, जनपद अध्यक्ष सहित पालिका कर्मचारियों ने नये अध्यक्ष का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत की, और दी बधाई। नगर पालिका परिषद के नव निर्वाचित अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने पदभार संभाला। इस मौके पर संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने कहा लंबे अरसे बाद नगर पालिका परिषद में कांग्रेस का अध्यक्ष बना है। जो बहुत ही हर्ष का विषय है। इस लिए कांग्रेस की और भी बड़ी जिम्मेदारी है कि शहर के विकास के साथ नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना। संसदीय सचिव चंद्राकर ने कहा नये अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग पर 30 वार्डों में निवासरत 80 आवादी को छत्तीसगढ़ सरकार की योजनाओं का क्रियान्वयन करते हुए मूलभूत सुविधाओं के साथ नगर विकास को भी गति प्रदान करना है। संसदीय सचिव चंद्राकर ने कहा पूरी नगर पालिका को टीमवर्क के साथ काम करना होगा। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने भरोसा जताते हुए कहा कि सभी पार्षद एक जुटता के साथ नगर विकास की एक नई दिशा तय करेगा। अध्यक्ष महिलांग ने यह भी कहा कि नगर पालिका अंतर्गत विकास कार्यों का रोड मैप तैयार किया जाएगा। जिससे शहर के नागरिकों की एक अच्छे शहर की कल्पना को साकार करने पर जोर दिया जाएगा। अध्यक्ष महिलांग ने कहा भूपेश है तो मुमकिन है और विनोद है तो विकास है। इस अवसर जनपद पंचायत अध्यक्ष येतेन्द्र साहू, पूर्व उपाध्यक्ष त्रिभुवन महिलांग, पार्षद मीना वर्मा, शोभना यादव, कमला बरिहा, हेमलता यादव, देवीचंद राठी, मनीष शर्मा, पवन पटेल, हफ ीज कुरैशी, जगतराम महानंद, अमन चंद्राकर, डमरूधर मांझी, मुन्ना देवार, निखिलकांत साहू,सगनजोत, महेन्द्र सिका, गोपाल वर्मा, विजय साव, सीएमओ आशीष तिवारी, पालिका कर्मचारियों सहित समर्थक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# प्राथमिक शाला बेलगहना में पौधे वितरित कर विद्यार्थियों को वृक्षारोपण के लिए प्रेरित किया

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।




शासकीय प्राथमिक विद्यालय बेलगहना में बड़े हर्ष उल्लास के साथ वृक्षारोपण कार्यक्रम मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. श्याम पटेल उपस्थित हुए शाला के प्रधान पाठिका श्वेता तिवारी एशिक्षिका लता बंजारे सहित अभिभावकगण एवं स्कूल कर्मचारी की उपस्थिति में कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन बैच तिलक लगाकर आरंभ किया गया। हमारे जीवन में वृक्षों का विशेष महत्व है इस बात को छोटे बच्चों को समझाने के लिए आज विद्यालय के बच्चों को नर्सरी ले जाकर बीज से पौधा तैयार कैसे होता है यह अवलोकन कराते हुए विभिन्न प्रकार की वृक्षों के बारे में बताया गया प्रत्येक बच्चे को एक-एक वृक्ष प्रदान किया गया घर-घर वृक्ष लगाओ अभियान के तहत प्रत्येक बच्चों को पौधा प्रदान किया गया जिसे बच्चे पौधे को लगाएंगे विद्यालय की शिक्षिका श्वेता तिवारी ने बच्चों को बीज से पौधा तैयार होने की प्रक्रिया बताते हुए प्राकृतिक खाद का उपयोग पौधे की बढ़त के लिए किस तरह से करते हैं यह जानकारी दी गई बच्चों के द्वारा हरियाली पर विविध वेशभूषा, नृत्य,गीत, कविता एवं भाषण का आयोजन किया गया कार्यक्रम के पश्चात सरस्वती एवं सरला बहन द्वारा प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कृत किया गया कार्यक्रम का सफ ल संचालन ललिता बंजारे द्वारा किया गया। शिक्षिकाओं द्वारा बच्चों को पौधारोपण की तैयारी एवं पौधे के पालन पोषण की विस्तृत जानकारी दी गई। पौधों से स्नेह पूर्ण व्यवहार संबंधी बातें बताई गई सभी शिक्षिकाओं एवं बच्चों द्वारा हरे रंग वस्त्र पहनकर हरियाली का महत्व जीवन में बताते हुए सबको उमंग दिलाया गया इस कार्यक्रम में बच्चों ने नृत्य, कविता, पेड़ पौधों के नाम एवं उपयोगिता बताकर अपनी प्रस्तुतियां दी। बच्चों को नर्सरी ले जाकर उसका भ्रमण करवाया गया जहां उन्हें नर्सरी संरक्षक निर्मल पांडे जी द्वारा पौधे देकर पौधों से जुड़ाव के प्रति उत्साह दिलाकर नर्सरी से संबंधित जानकारी दी गई।

# अनामक सीसी सड़क बना रहा पंच पति, पोल खुलने के डर से पत्रकार से किया हुज्जत

## पंचायत बनने के बाद विवादों की भेंट चढ़ा अमाड़ का विकास कार्य

जोहार छत्तीसगढ़-देवभोग।

**17 सेंटीमीटर मोटा बनना था सीसी सड़क, आधा मोटाई भी नहीं चौड़ाई में भी किया हेरफेर विरोध करने वाले ग्रामीण के गौठान को कांक्रीटीकरण कर खुश कर दिया। अनाधिकृत रूप से काम करा रहा पंच पति एकलई खुलने के डर से कव्हर करने गए पत्रकार के साथ किया हुज्जत, फिर सरपंच को उकसा कर झूठी शिकायत दिलवाया थाने में।**





ग्राम पंचायत अमाड़ में वार्ड क्रमांक 9 की महिला पंच का पति पारेश्वर नागेश वंहा की महिला सरपंच को झांसे में रख पंचायत के सभी निर्माण कार्य को अवैधानिक रूप से करता है। जिला विकास मद से गली कांक्रीटीकरण के लिए 4 लाख की मंजूरी मिली थी।3 दिन पहले काम शुरु किया गया,पंच पति अपने अमाड़ के बजाए जामगुरिया पारा से मजदूर बुलवाया,राजमिस्त्री का काम भी अपने रिश्तेदारों को देकर स्वयं खड़ा होकर काम करवा रहा है।तय मापदंड के मूताबिक सड़क की मोटाई 17 सेंटीमीटर होना था। पर ज्यादातर जगह इससे आधी मोटाई देकर मटेरियल बंचाने की कोशिश हुई। पर्याप्त जगह होने के बावजूद सड़क की चौड़ाई 3.75मीटर से कम कर दिया। गुणवत्ता हीन सामग्री व मापदंड की अनदेखी देख ग्रामीण भड़क गए। भड़के ग्रामीणों से एक डमरू राम के कोठा; मवेशी रखने के स्थान द्ध को तत्काल ठेकेदार ने कांक्रीटीकरण करवा कर मुंह बन्द




करने की कोशिस किया।115 मीटर लंबाई के लिए इंजिनियर ने जिन स्वीकृत स्थानो तक ले आउट दिया था वहां तक सड़क को बनाने के बजाए,टुकड़े टुकड़े में अन्यत्र जगह गली को ढलवा कर ग्रामीणों को संतुष्ट करने की कोशिश होती रही। मामले की भनक लगी तो एक निजी चैनल व दो अखबार के प्रतिनिधि खबर कव्हर करने मौका पर पहूच गए। कलई खुलने के डर से कथित ठेकेदार मौके पर ही पहले तो पैसे का ऑफ र करता रहा। पर कवरेज करने की प्रक्रिया थमी नहीं तो माइक आईडी छीन कर पत्रकारों से हुज्जत भी किया। इतने से जी नहीं भरा तो महिला सरपंच को उकसा कर पैसे मांग की झूठी शिकायत का आवेदन दिलाया।

प्रेस क्लब देवभोग ने इसकी निंदा कर झूमा झटकी करने वाले कथित ठेकेदार के खिलाफ कार्यवाही की मांग को लेकर थाना प्रभारी बीएल साहू को ज्ञापन सौपा है। थाना प्रभारी ने सब इंस्पेक्टर के एल महिलांग को जांच के निर्देश दिया है। सीसी सड़क निर्माण में अनियमितता को लेकर सीईओ एमएल मंडावी ने जांच टीम गठित कर जांच कर उचित कार्यवाही करने की बात कही है। अनियमितता व विवादों से पुराना नाता. 7 साल पहले अस्तित्व में आने के बाद इस नए पँचायत अमाड़ व उसके आश्रित ग्राम के लोगो को ग्राम विकास की उम्मीद थी। पर कथित ठेकेदार पंच पति पारेश्वर बीसी के दखल से विकास कार्यों को ग्रहण लग गया है।बताया जा रहा है कि वार्ड 9 के लिए स्वीकृत सीसी सड़क का निर्माण कार्य पंच पति के हठ धर्मिता के चकते 2 साल से लटका हुआ है।प्राथमिक शाला के लिए पूर्व कार्यकाल में अहाता निर्माण के लिए 7लाख की स्वीकृति हुई थी। पूर्व कार्यकाल के अंतिम समय में स्वीकृति मिली इसलिए उस समय नही बना।

जोहार छत्तीसगढ़ विशेष खबर

वर्तमान सरपँच ने अहाता निर्माण के लिए 2 लाख आहरण कर लिया है। ग्रामीणों का आरोप है कि महीनों पहले रुपये निकाल बंदरबांट कर लिया गया है। जिसके चलते मौके पर मटेरियल के नाम पर एक ढेला भी नही है। बताया जा रहा है कि 2019 में स्वीकृत पीएम आवास के 4 हितग्राहियों की पहली किश्त की राशि कथित ठेकेदार ने निकलवा कर अपने पास रख लिया है। पंचायत ने साल भर पहले गरीबों के पेंशन निकाल डकार लिया था। मामले में निलंबित की कार्यवाही केवल पँचायत सचिव पर हुई। बार बार अनियमितता व गांव में हो रहे विवाद से नाराज ग्रामीण पंचायत के सभी जिम्मेदार पर कार्यवाही की मांग कर रहे हैं।

## एक नजर

### बसना थाना क्षेत्र के ग्राम चंदखुरी में किया चलित थाना का आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-बसना।





पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार थाना बसना क्षेत्र में लगातार चलित थाना का आयोजन किया जा रहा है उसी तारतम्य में 04 अगस्त 2022 को ग्राम चंदखुरी में चलित थाना का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों से चर्चा कर उनकी की समस्याओं से अवगत होकर उसका यथासंभव निराकरण किया गया साथ ही गांव के किशोर वर्ग, वरिष्ठ नागरिकों एग्रामीणों को यातायात नियमों, साइबर अपराध के जानकारी देकर जागरूक होने अवगत कराया गया। ग्राम में अवैध शराब बिक्री एवं शांति व्यवस्था बनाने हेतु महिला समूह को आगे आने की अपील की गई। उक्त कार्यक्रम में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

### 24 बोतल अन्य प्रान्त की मदिरा और 176 पौवा विदेशी मदिरा के साथ ग्राम गोपालपुर से 1 आरोपी गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-बसना।

जिला कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर के मार्गदर्शन में सहायक आयुक्त विजय सेन शर्मा द्वारा अवैध शराब बिक्री एवं परिवहन पर रोकथाम व कार्यवाही करने हेतु निर्देशित करने पर उक्त निर्देशों का पालन करते हुए 04 अगस्त 2022 को मुखबिर सूचना मिला कि ग्राम गोपालपुर में उमेश गुप्ता अपने घर में अवैध शराब बिक्री करने वास्ते रखे है कि सूचना पर हमराह स्टाफ एवं गवाहान के घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किया जहां आरोपी 01 उमेश कुमार गुप्ता पिता राम स्वार्थ गुप्ता उम्र 32 साल साकिन गोपालपुर, थाना पिथौरा जिला महासमुंद के रिहायसी मकान से असम राज्य निर्मित महाराजा ब्रांड लेबल लगा 24 बोतल प्रत्येक में 750 उस 18 लीटर व्हिस्की तथा गोआ स्पेशल छत्तीसगढ़ का लेबल लगा हुआ,176 पाव प्रत्येक में 180 उस 31.68 लीटर, कुल 49.68 लीटर विदेशी मदिरा जब्त कर 34,1, क 34;2, 36 59;क के तहत आबकारी एक्ट में प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया जाकर आरोपी को ज्यूडिसियल रिमांड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया है। ,उमेश कुमार गुप्ता पिता राम स्वार्थ गुप्ता उम्र 32 साल साकिन गोपालपुर, थाना पिथौरा जिला महासमुंद छग,संपूर्ण कार्यवाही आबकारी उप निरीक्षक कौशल किशोर सोनी वृत्त प्रभारी पिथौरा के साथ में आबकारी मुख्य आरक्षक कुंजराम ध्रुव, नगर सैनिक हेमर सिंग सिदार संग आबकारी स्टाफ पिथौरा द्वारा की गयी है। जिसमे थाना पिथौरा स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

## वर्मी कम्पोस्ट खाद के उपयोग से फेसल उत्पादन में हो रही वृद्धि

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



जिले के विकासखण्ड नवागढ़ के ग्राम धोबघट्टी के कृषक चन्द्रभान सेन पिता ढेलूराम सेन ने बताया कि वे विगत कई वर्षो से रासायनिक खेती कर रहे है। लेकिन इस वर्ष कृषक द्वारा कृषि विभाग के ग्रा.कृ वि.अधिकारी से मार्गदर्शन प्राप्त कर 0.80 हेक्टेयर में 2.00 क्विंटल वर्मी कम्पोस्ट खाद का धान की रोपाई के समय किया गया जिससे की फ सल का विकास बहुत अच्छा हुआ है। साथ ही साथ कंसो की संख्या भी अधिक है एवं कीट व्याधि आदि का प्रकोप नही हुआ है। कृषक ने बताया कि उनके खेत की मिट्टी गत वर्ष की अपेक्षा अधिक नरम व उपजाऊ है। जिसका सीधा प्रभाव धान की फसल पर दिख रहा है। कृषक ने प्रसन्नचित मन से कहा की मुझे फ सल की स्थिति देखकर प्रतीत हो रहा है की फ सल उत्पादन गत् वर्ष की अपेक्षा अधिक होगी किसान ने यह भी बताया की धान की फ सल में वे हर वर्ष 5 से 10 किलो जिंक सल्फेट डालते थे लेकिन इस वर्ष जिंक सल्फेट का उपयोग नही किया गया है। केवल वर्मी कम्पोस्ट खाद के उपयोग से ही फसल की जिंक व अन्य माइक्रोन्यूट्रियन्ट की कमी पुरी हो गई है।

## कौन बनेगा करोड़पति 8 अगस्त को हॉट सीट पर नजर आएंगे पिथौरा के दुलीचंद अग्रवाल

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।





जिले के पिथौरा नगर निवासी दुलीचंद अग्रवाल उर्फ दुलारा आगामी 8 अगस्त को अमिताभ बच्चन द्वारा होस्ट टीवी शो कौन बनेगा करोड़पति के हॉट सीट पर नजर आएंगे। दुलीचंद अग्रवाल वर्तमान में शासकीय कन्या महाविद्यालय दुर्ग में प्राध्यापक के पद पर कार्यरत हैं। वे बीते 19 एवं 21 जुलाई को मुंबई से कौन बनेगा करोड़पति की शूटिंग पूरी कर के वापस लौटे हैं। फ ास्टेस्ट फिंगर फ र्स्ट की प्रक्रिया में वे पहले ही प्रयास में अमिताभ बच्चन के सामने हॉट सीट पर पहुंच गए। आने वाले 8 अगस्त के एपिसोड की शुरुआत दुलीचंद के बचपन से होती है। जब अमिताभ बच्चन उनसे पूछते हैं कि दुलीचंद नाम का क्या अर्थ हैघ् यहीं पर उन्होंने अपने बचपन के बारे में तथा शहर पिथौरा के और परिवार के बारे में अमिताभ बच्चन से चर्चा की है। दुलीचंद के भतीजे व जनपद पंचायत पिथौरा के पूर्व उपाध्यक्ष पीयूष अग्रवाल ने अमिताभ बच्चन के प्रति अपने चाचा की दीवानगी की चर्चा करते हुए बताया कि वे 1975 में किस तरह से घर में बिना बताए अमिताभ बच्चन की फिल्म दीवार देखने के लिए महासमुंद पहुंच गए थे। 1978 में मुकद्दर का सिकंदर फि ल्म के दौरान दुलीचंद अग्रवाल के साथ हुए हादसे से अमिताभ बच्चन बहुत प्रभावित हुए और उन्होंने दुलीचंद अग्रवाल को यादगार चीज प्रदान की। फि ल्म की घटना का उल्लेख बच्चन ने अपने ब्लॉग में भी विस्तृत रूप से किया है। 9 अगस्त को एक सम्मानजनक राशि के साथ अग्रवाल ने हॉट सीट छोड़ दी और इसी के साथ उनके 21 वर्षों की केबीसी यात्रा की पूर्णता हुई । सेट पर छत्तीसगढ़ की कला संस्कृति के अलावा दुलीचंद की कुछ बातें भी जानने को मिली जो उनके अध्यापन कार्य के अलावा है। शूटिंग के दौरान उनकी प्रोफेसर पत्नी शिखा अग्रवाल, बहन रमन्ता मित्तल पुत्र एडवोकेट प्रश्न एवं पुत्रवधू एडवोकेट अदिती भी मौजूद रहे।


## आवश्यकता है

| | | पद |
|---|---|---|
| 1. समाचार रिपोर्टर | - | 3 |
| 2. कम्प्यूटर आपरेटर | - | 1 |
| 3. ऑफिस कार्य के लिए | - | 3 |

**वेतन योग्यतानुसार**

इच्छुक युवक/युवति अपना बायोडाटा के साथ संपर्क करें।

**दैनिक जोहार छत्तीसगढ़**

कार्यालय धरमजयगढ़

मो, 9479177711, 7489419194 ,7879121221


## विद्युत उपकेंद्र खिलोरा में पॉवर ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाई गई

7 गांवों के 3200 उपभोक्ताओं को मिलेगी निर्बाध बिजली

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड दुर्ग क्षेत्र, उपभोक्ताओं एवं किसानों को गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति प्रदान करने के लिए विभिन्न योजनाओं पर तेजी से कार्य कर रही है। इसी तारतम्य में दुर्ग क्षेत्र के विभागीय संभाग बेमेतरा के अंतर्गत 33द्11 केव्ही विद्युत उपकेंद्र खिलोरा में पॉवर ट्रांसफार्मर की क्षमता 3.15 एमव्ही, से बढ़ाकर 05 एमव्ही किया गया। विद्युत उपकेंद्र में पॉवर ट्रांसफ ार्मर की क्षमता वृद्धि का कार्य मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास योजना के अंतर्गत संपन्न किया गया। बेमेतरा संभाग के कार्यपालन अभियंता उमेश ठाकुर ने बताया कि उपकेंद्र के पॉवर ट्रांसफ ार्मर में क्षमता वृद्धि से विद्युत उपकेंद्र खिलोरा के 07 गांवों के लगभग 3200 किसाानों एवं उपभोक्ताओं को लो वोल्टेज एवं ओवर लोडिंग की समस्या से राहत मिलेगी एवं सभी घरों और पंपों तक उच्च गुणवत्ता की बिजली पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि विद्युत उपकेंद्र में पॉवर ट्रांसफ ार्मर की क्षमतावृद्धि से ग्राम खिलोरा, राजकुड़ी, तेलाइकुड़ा, मोहलाई, डंगनिया, संडी एवं भनपुरी के उपभोक्ता एवं किसान लाभान्वित होंगे। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड दुर्ग क्षेत्र के मुख्य अभियंता एम जामूलकर ने अधीक्षण अभियंता एके गौराहा, कार्यपालन अभियंता द्वय जे.जगन्नाथ प्रसाद एवं उमेश ठाकुर और उनकी पूरी टीम को बधाई देते हुए बताया कि पॉवर कंपनी के अधिकारी एवं कर्मचारी उपभोक्ताओं एवं किसानों तक गुणवत्तापूर्ण बिजली पहुंचाने के लिए समर्पित होकर कार्य कर रहें हैं। उन्होंने कहा कि पॉवर ट्रांसफ ार्मर की क्षमता वृद्धि करने से उपभोक्ताओं एवं किसानों को बेहतर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी।

## स्वामी आत्मानंद विद्यालय बेमेतरा में नर्सरी की कक्षाएं प्रारंभ

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



स्वामी आत्मानंद विद्यालय बेमेतरा में आज कलेक्टर जितेन्द्र कुमार शुक्ला की उपस्थिति में नर्सरी के लिए एलकेजी एवं यूकेजी की कक्षाएं प्रारंभ की गई। इसके लिए प्राथमिक विद्यालय भवन का उद्घाटन शुक्रवार को बड़े ही धूमधाम से की गई। विद्यार्थियों के अध्ययन कक्ष को उनके अनुरूप सुसज्जित किया गया। जिससे खेल के माध्यम से वे आधारभूत शिक्षाएं भी प्राप्त कर सकें। अध्ययन कक्ष को देखते ही बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। जिलाधीश एवं जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा भी उनकी खुशी में शामिल हुए। ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पायलट योजना के अंतर्गत प्रदेश के समस्त जिलों में कुल 177 स्वामी आत्मानंद विद्यालय संचालित हैं। जिसमें विद्यार्थियों की सुविधा एवं पढ़ाई का स्तर देखते हुए पालकों ने पूर्व प्राथमिक की कक्षाओं को प्रारंभ करने का निवेदन किया था। मुख्यमंत्री ने उनके आग्रह पर इसी वर्ष से प्राथमिक कक्षाएं शुरू करने के निर्देश दिए थे। इस हेतु बेमेतरा स्थित स्वामी आत्मानंद विद्यालय में एलकेजी एवं यूकेजी की कक्षाओं के लिए 20-20 सीटें स्वीकृत की गई थी। जिसकी भर्ती प्रक्रिया निष्पक्षता पूर्वक लॉटरी के माध्यम से की गई थी। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य सुदेशा चटर्जी सहित समस्त शिक्षक स्टाफ एवं पालकगण उपस्थित थे।

## महासमुन्द पुलिस की चॉदी के बाद सोना के अवैध तस्करी मामले में बड़ी कार्यवाही

मारूती सलेरियों से भारी मात्रा में सोना की तस्करी कर रहा था अमृतसर पंजाबद्ध का व्यक्ति

जोहार छत्तीसगढ़-बसना।





पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल द्वारा जिलें के समस्त थाना प्रभारी चौकी प्रभारियों एवं सायबर सेल की टीम को संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रख कर आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था। जिसके तहत जिलें के सीमावर्ती थाना क्षेत्रों पर थाना/चौकी प्रभारियों एवं सायबर सेल की टीम द्वारा लगातार संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की सघन चेकिंग व तलाशी ली जा रही थी। इसी दौरान दिनांक 04 अगस्त2022 को कोमाखान थाना क्षेत्र के अंतर्गत अन्तर्राजीय चेक पोस्ट फ रॅरिस्ट नाका टेमरी छग ओड़िसा बॉर्डर के पास पुलिस पार्टी द्वारा संदिग्ध वाहनो की चेकिंग की जा रही थी तभी खरियार रोड ओडिसा की तरफ से एक सफेद रंग की मारूती सलेरियों कार क्रमांक सीजी 04 ई 7131 तेज रफ्तार से छत्तीसगढ़ की ओर आ रही थी। उक्त वाहन को फ रॅरिस्ट नाका टेमरी चेक पोस्ट के पास रोका गया। कार में दो व्यक्ति बैठे मिले। जिनसे पूछताछ करने पर ड्राईवर के बगल सीट पर बैठे व्यक्ति ने अपना नाम 01, मनप्रीत सिंह पिता हरदयाल सिंह उम्र 30 वर्ष सामनं 24 गली नंबर 02 ईश्वर नगर टीटी रोड अमृतसर थाना सुल्तानविंड जिला अमृतसर, पंजाब एवं वाहन चालक ने अपना नाम 02 वहाजउद्दीन पिता पीर मोम्मद उम्र 37 वर्ष सा.मौदहापारा वार्ड नं. 36 कल्लू गैरेज के बाजू रायपुर थाना मौदहापारा जिल रायपुर रहने वाले है। जिनसे पूछताछ करने पर सही तरीके से जवाब नहीं देने व जवाब गोलमोल व संतोषप्रद नहीं पाये जाने पर वाहन की तलाशी ली गई तो उसके पास रखे काला बैंग रखा मिला। इससे पुलिस टीम को संदेह हुआ और बैग को खुलवाकर चेक कराने कहा गया तो चेक कराओ कहने पर सोना जड़ित नाक, कान, गला में पहनने वाला समान रखना बताया। जिसे निकालकर चेक करने पर भारी मात्रा में सोना के विभिन्न आभूषण ;कान की बाली, टाप, नाक का लौंग, फुल्ली, नथनी, गेहूँ दाना, चैन लॉकेट रखे मिला। उक्त मशरूका के संबंध में पूछताछ करने पर वाहन में सवार दोनो व्यक्तियों नें बताया कि उक्त सोने के आभूषण को अमृतसर पंजाब से लाना और छत्तीसगढ़ व उड़िसा क्षेत्र के विभिन्न जगहों में बेचना बताया। पुलिस की टीम द्वारा दोनो व्यक्तियों से सोने के आभूषण के संबंध में दस्तावेज दिखाने को कहा गया तो वह कोई भी वैधानिक दस्तावेज पेश नहीं कर पाया। और पुलिस गोलमोल जवाब दे रहे थे। दोनो का आचरण भी संदिग्ध था।

**आरोपीयों के पास से सोने के विभिन्न प्रकार के आभूषण 17041 नग कीमती करीबन 17,04,100 जुमला कीमती 20 लाख रूपये जप्त**

सोने के आभूषण के संबंध में कोई दस्तावेज नहीं होने से सोने के आभूषण कान की बाली, टाप, नाक का लौंग, फु ल्ली, नथनी 16285 नग, गेहूँ दाना 332 नग, चैन 01 नग, लॉकेट 423 नग कीमती करीबन 17,04,100 रूपये एवं वाहन मारूती सलेरिया कार क्र0 सीजी 04 ई 7131 सफेद रंग की कीमती करीबन 4,00,000 रूपये को जप्त कर थाना कोमाखान में इस्तागाशा क्रमांक 03/2022 धारा 41;14 जाफ ौ धारा 379 भादवि के तहत् कार्यवाही कर गिरफ्तार किया गया जिसे न्यायिक अभिरक्षा भेजने व विवेचना कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। सम्पूर्ण कार्यवाही पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के मार्गदर्शन में अति. पुलिस अधीक्षक आकाश राव के निर्देशन में अनु.अधिकारी पु. बागबाहरा कपिल चन्द्रा, थाना प्रभारी कोमाखान निरीक्षक रामअवतार पटेल, सायबर सेल प्रभारी संजय सिंह राजपूत, सउनि ललित चंद्रा, रनसाय मिरी प्रआर.नरेन्द्र साहू, जितेन्द्र सिंह, आर. कामता आवडे, मुकेश चन्द्राकर, विरेन्द्र नेताम, सौरभ तोमर, संतोष सावरा, युवराज ठाकुर, पवन ठाकुर, तरूणी भोई, कृष्णा पटेल व टीम द्वारा की गई।



# उर्फी जावेद को टक्कर देने आईं सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर सोफिया अंसारी

सोफिया अंसारी सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर हैं। सोफिया अंसारी अक्सर अपनी हॉट और बोल्ड तस्वीरें और वीडियो शेयर करती है। हाल ही में उनके द्वारा शेयर किया गया डांस वीडियो सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटोर रहा है।

इस वीडियो में सोफिया को मराठी मुलगी बनकर नववारी साड़ी पहनकर कमर लचकाते हुए देखा जा सकता है। पिंक कलर की साड़ी और टाइट ब्रालेट में सोफिया का स्लिम और टोंड फिगर साफ नजर आ रहा है। डांस करते वक़्त सोफिया ने अपने बालों को खुला छोड़ा हुआ है। उन्होंने नाक में नथनी और कान में इयरिंग पहन रखी है। सोफिया अंसारी ने वीडियो बिना किसी कमेंट के शेयर किया है। सोफिया अंसारी का यह वीडियो इंस्टाग्राम पर काफी पॉपुलर हो रहा है। डांस वीडियो पर 1.61 लाख से ज्यादा लाइक्स मिल चुके हैं।



# अहाना कुमरा रियलिटी शो द इन्वेंटर चैलेंज की करेंगी मेजबानी

बॉलीवुड अभिनेत्री अहाना कुमरा प्रतिस्पर्धी रियलिटी शो द इन्वेंटर चैलेंज की मेजबानी करती नजर आएंगी। अहाना ने कहा, इन्वेंटर चैलेंज की एक दिलचस्प अवधारणा है। मुझे जो सबसे ज्यादा पसंद है वह यह है कि यह शो न केवल नवाचारों को पनपने के लिए जगह प्रदान करेगा, बल्कि कुछ नया करने वालों को विकसित करने और उन्हें आगे ले जाने में भी मदद करेगा।

आमतौर पर इस तरह का शो नहीं बनता है। मुझे विश्वास है कि द इन्वेंटर चैलेंज दर्शकों को आकर्षित करेगा और आलोचकों से भी सराहना प्राप्त करेगा। मैं इंतजार नहीं कर सकती इसके लाइव होने के लिए।प्रतिभागियों को एक पैनल के साथ अपने प्रस्तावों पर चर्चा करने का अवसर मिलेगा, जो आगे बढ़ने के लिए कुछ नया करने वालों का चयन करेंगे।

अगली पंक्ति में मेंटॉर हैं, जो शीर्ष दो अन्वेषकों को लाइव लैब स्थानों में अपने विचारों को पोषित करने और उन्हें अभूतपूर्व अवधारणाओं में बदलने में मदद करेंगे। अंत में, इन विचारों को जीवन में लाया जाएगा और विभिन्न उपभोक्ता फोकस समूहों को प्रस्तुत किया जाएगा। शो में देश भर के आविष्कारक और सभी आयु वर्ग के लोग अपने आविष्कारों का प्रदर्शन करते नजर आएंगे। शो में सबसे कम उम्र का आविष्कारक आठ साल का है। शो में, प्रतियोगियों को अपने आविष्कारों को आगे लाना होगा और अहाना सभी उत्साह और विचार-मंथन सत्रों के बीच अन्वेषकों को सहज महसूस कराएगी। यह शो टेलीविजन पर कलर्स इन्फिनिटी पर प्रदर्शित होगा और इन्वेंटर चैलेंज यूट्यूब चैनल पर भी स्ट्रीम होगा।



# दिलजीत दोसांझ के लिए प्रियंका चोपड़ा ने साझा किया बेहद प्यारा नोट

भारतीय अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा जोनस ने पंजाबी गायक दिलजीत दोसांझ और सोशल मीडिया शख्सियत लिली सिंह के साथ लॉस एंजिल्स में बिताए समय की कुछ स्पष्ट तस्वीरें साझा की हैं। प्रियंका ने इंस्टाग्राम पर कई तस्वीरें साझा कीं। एक तस्वीर में तीनों एक दूसरे को नमन करते नजर आ रहे हैं। प्रियंका और लिली ने हाल ही में लॉस एंजेलिस में दिलजीत के कॉन्सर्ट में शिरकत की। प्रियंका ने लिखा, कुछ चीजें हैं जो घर के स्वाद के रूप में आपके दिल को गर्म कर देंगी। साथ ही, जब आपके लोग शहर में हों! वह रात काफी मजेदार थी और हर कोई काफी खुश था, दिलजीत दोसांझ को देखना बहुत अच्छा अनुभव था, दिलजीत आप सुपरस्टार है। मैं आप सभी से कहना चाहूंगी दिलजीत के शो टिकट जरुर ले। इसके अलावा, उस टीम को बधाई जिसने मेरे और मेरे दोस्तों के लिए इसे इतना आरामदायक और शानदार बना दिया, धन्यवाद लीली सिंह। काम की बात करें तो प्रियंका अब रूसो ब्रदर्स द्वारा निर्मित वेब सीरीज सिटाडेल में नजर आएंगी।

## खेल

# कॉमनवेल्थ गेम्स में श्रीशंकर ने रचा इतिहास

मेंस लॉन्ग जंप में सिल्वर जीतने वाले पहले भारतीय बने; गोल्ड मेडलिस्ट के बराबर जंप, फिर भी दूसरा स्थान



**बर्मिंघम।** भारत के मुरली श्रीशंकर ने बर्मिंघम कॉमनवेल्थ गेम्स में ऐतिहासिक कामयाबी हासिल की है। उन्होंने लॉन्ग जंप इवेंट में 8.08 मीटर की छलांग के साथ सिल्वर मेडल जीता। श्रीशंकर इस इवेंट में सिल्वर जीतने वाले पहले भारतीय पुरुष खिलाड़ी बने हैं। उनसे पहले सुरेश बाबू ने 1978 कॉमनवेल्थ गेम्स में लॉन्ग जम्प का ब्रॉन्ज मेडल जीता था। पुरुष और महिला मिलाकर इस मेगा इवेंट में यह लॉन्ग जंप में भारत का अब तक का चौथा मेडल है। अंजू बॉबी जॉर्ज ने 2002 में ब्रॉन्ज और प्रजुषा मलियाक्कल ने 2010 में सिल्वर मेडल जीता था।

बहामास के नारिन लकुआन ने भी श्रीशंकर जितनी (8.08) मीटर की छलांग लगाई, लेकिन उन्हें गोल्ड मेडल दिया गया। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि लकुआन की सेकेंड बेस्ट छलांग श्रीशंकर की सेकेंड बेस्ट छलांग से बेहतर रही। लकुआन की दूसरी सर्वश्रेष्ठ छलांग 7.98 मीटर की रही, वहीं श्रीशंकर की दूसरी सबसे अच्छी छलांग 7.84 मीटर की रही।

लॉन्ग जंप फाइनल में हर एथलीट को 6-6 अटैम्प्ट मिलते हैं। श्रीशंकर ने अपने पांचवें और बहामासी एथलीट ने अपने दूसरे अटैम्प्ट में 8.08 मीटर की छलांग लगाई थी। श्रीशंकर के नाम भारत का नेशनल रिकॉर्ड भी है। उनका पर्सनल बेस्ट 8.36 मीटर है। अगर वे इस प्रदर्शन को दोहरा देते तो गोल्ड उनके नाम हो जाता।

### 7वें दिन बॉक्सिंग में भारत के 4 मेडल हुए पक्के

1. *60 KG वेट कैटेगरी में भारत की जैस्मिन ने सेमीफाइनल में जगह बना ली है। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में न्यूजीलैंड की टोरी ग्रांटन को हराया है।*
2. *बॉक्सर अमित पंघाल भी अपना क्वार्टर फाइनल मुकाबला जीतकर सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं। अमित ने स्कॉटलैंड के लेनन मूलिगन को 48 KG वेट कैटेगरी में 5-0 से हराया।*
3. *92 KG वेट कैटेगरी में सागर अहलावत ने भी सेमीफाइनल में जगह बना ली है। उन्होंने सेशेल्स के केड्डी इवान्स को 5-0 से हराया।*
4. *भारतीय बॉक्सर रोहित टोकस ने भी 67 चत्र वेट कैटेगरी में सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं। उन्होंने 7वें दिन भारत का चौथा पदक पक्का किया। भारत ने बॉक्सिंग में अब तक इन खेलों में सात पदक पक्के कर लिए हैं।*

# क्रिकेट के 2028 लॉस एजेंलिस ओलिंपिक में शामिल होने की उम्मीद बढ़ी

**लॉस एंजेलिस** ।क्रिकेट के ओलिंपिक में शामिल होने की संभावना को अब बल मिला है क्योंकि अंतर्राष्ट्रीय ओलिंपिक कमेटी ने लॉस एजेंलिस गेम्स 2028 के लिए जिन नौ खेलों को शॉर्ट लिस्ट के लिए रखा है उसमें क्रिकेट रिपीट क्रिकेट भी है। पिछले महीने ही लॉस एजेंलिस 2028 आयोजन कमेटी ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद से अपना पक्ष रखने के लिए कहा था और प्रेज़ेंटेशन के लिए तारीख़ का अभी तय होना बाक़ी है। क्रिकेट के शामिल होने पर अंतिम फ़ैसला 2023 के दूसरे क्वार्टर में होने की उम्मीद है। तब आईओसी की मुंबई में बैठक तय हुई है। क्रिकेट को बेसबॉल, फ़्लैग फ़ुटबॉल, ब्रेक डांसिंग, कराटे, किक बॉक्सिंग, स्क्वॉश और मोटर स्पोर्ट के साथ शॉर्ट लिस्ट किया गया है।इस फ़रवरी को आईओसी ग्रीन ने यूथ पर फ़ोकस रखने की बात करते हुए 28 खेलों को लॉस एजेंलिस खेलों के लिए शामिल किया था। इसी बैठक में प्रोग्राम को बढ़ाने पर जोर दिया गया और मई में यह तय हुआ कि अहम नए खेलों को शामिल किया जाए और देखा जाए कि क्या यह 2028 ओलिंपिक गेम्स में फिट बैठते हैं।




## एक नजर

# मौजूदा चैंपियन और शीर्ष वरीय पेगुला सिटी ओपन से बाहर



**वाशिंगटन** । मौजूदा चैंपियन और शीर्ष वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला बुधवार को आस्ट्रेलिया की डारिया सैविल से सीधे सेटों में हारकर सिटी ओपन टेनिस टूर्नामेंट से बाहर हो गई। यूएस ओपन की तैयारियों के लिए खेले जा रहे इस टूर्नामेंट में सैविल ने पेगुला को 7-5, 6-4 से हराया। दूसरी वरीयता प्राप्त एम्मा रादुकानु ने लुइसा चिरिको को 6-4, 6-2 से पराजित किया। कनाडा की क्वालीफायर रेबेका मैरिनो ने जर्मनी की एंड्रिया पेटकोविच को 6-3, 3-6, 6-1 से हराया और अब उनका सामना सैविल से होगा। पुरुष वर्ग में विंबलडन उपविजेता निक किर्गियोस ने 14वीं वरीयता प्राप्त टॉमी पॉल को 6-3, 6-4 से हराया जबकि अमेरिका के सेबस्टियन कोर्डा ने 12वीं वरीयता प्राप्त सेबस्टियन बेज को 6-1, 6-4 से और नौवीं वरीयता प्राप्त होल्गर रूने ने बेनोइट पायर को 6-3, 6-2 से शिकस्त दी।

# कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत के अब 18 मेडल



### छठे दिन भारतीय टीम को 5 पदक मिले, जूडो में तूलिका ने जीता सिल्वर; स्क्वॉश में सौरव का कमाल

कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 में भारत ने अब तक 18 मेडल जीत लिए हैं। जिसमें 5 गोल्ड, 6 सिल्वर और 7 ब्रॉन्ज पदक शामिल हैं। इस मेगा टूर्नामेंट के छठे दिन भारतीय टीम को 5 मेडल मिले। वहीं, भारतीय महिलाओं ने क्रिकेट में बारबाडोस को 100 रनों से हरा दिया। भारतीय जूडो प्लेयर तूलिका मान ने 78 चत्र वेट कैटेगरी में भारत को सिल्वर मेडल दिलाया। वो विश्व की नंबर-1 खिलाड़ी स्कॉटलैंड की सारा एडलिंग्टन से मुकाबला हार गईं। इससे पहले उन्होंने सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया की सिडनी एंड्रयूज को 10-1 से हराया था और क्वार्टर फाइनल में मॉरिशस की ट्रेशी डरहोन को भी उन्होंने मात दी थी।

### ट्रैक एंड फील्ड इवेंट में भारत को पहला पदक

भारत के लिए तेजस्विन शंकर ने हाई जंप में कमाल का खेल दिखाया और ट्रैक एंड फील्ड इवेंट में 2.22 मीटर के जंप के साथ ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। ये कॉमनवेल्थ 2022 में ट्रैक एंड फील्ड खेलों में भारत का पहला पदक है।

कॉमनवेल्थ की गोल्डन गर्ल्स खुद करती हैं स्टेडियम की देखभाल

# लॉन बॉल्स गेम की खातिर 500-500 रुपए जुटाए, इसे खेलने धोनी जाते हैं ऑस्ट्रेलिया




कॉमनवेल्थ गेम्स में लॉन बॉल्स में भारतीय खिलाड़ियों ने गोल्ड मेडल जीतकर सबको चौंका दिया। लेकिन क्या आप जानते हैं जिस टीम ने यह उपलब्धि हासिल की है, वह बिना कोच के ही बर्मिंघम गई है। इन खिलाड़ियों को किसी चैंपियनशिप के लिए खुद ही फंडिंग करनी पड़ती है। उन्हें अवॉर्ड में जो पैसे मिलते हैं उन्हीं पैसों से वो अगला टूर्नामेंट खेलने के लिए विदेश जाती हैं। दिलचस्प यह है कि लॉन बॉल्स फेडेरेशन को भारत सरकार से मान्यता ही नहीं दी है।

लॉन बॉल्स की विजेता भारतीय टीम की खिलाड़ी रूपा रानी तिर्की ने फोन पर बताया कि टीम बिना कोच के ही कॉमनवेल्थ खेलने गई है। कोच नहीं होने से कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ा है। कई बार खिलाड़ियों को पता नहीं चलता कि ग्राउंड पर क्या करना है, रणनीति कब बदलनी है या कहीं कुछ गलती तो नहीं कर रहे।

बर्मिंघम में कॉमनवेल्थ खेलने गई खिलाड़ी लवली चौबे और रूपा रानी तिर्की को कॉमनवेल्थ गेम्स खेलने के लिए छुट्टी नहीं मिली। लवली चौबे झारखंड पुलिस में कांस्टेबल हैं। उन्हें छुट्टी नहीं मिल रही थी। बाद में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के हस्तक्षेप के बाद उन्हें छुट्टी मिली। वहीं रूपा रानी तिर्की रामगढ़ में जिला खेल पदाधिकारी हैं। रूपा ने बर्मिंघम से फोन पर बताया कि कॉमनवेल्थ के लिए उन्हें छुट्टी नहीं मिली। उन्हें आशंका है कि कहीं उनकी सैलरी न कट जाए।

सुधीर ने गेम्स रिकॉर्ड के साथ जीता सोना

# पैरा-पावरलिफ्टिंग में कॉमनवेल्थ गेम्स का गोल्ड जीतने वाले पहले भारतीय



कहते हैं कि यदि जीत का जज्बा हो तो कोई भी सफलता हासिल की जा सकती है। भारतीय पैरा पॉवरलिफ्टर सुधीर ने इस बात को सही कर दिखाया है। उन्होंने कॉमनवेल्थ गेम्स के गोल्ड मेडल जीता है। वे इन गेम्स में गोल्ड जीतने वाले देश के पहले पैरा पॉवरलिफ्टर बने हैं। उनसे पहले सकिना खातून ने 2014 के सीजन में ब्रॉन्ज जीता था।

5 साल की उम्र में सुधीर को पोलियो हो गया था। सोनीपत के गांव लाठ के सुधीर ने 2013 में खुद को फिट रखने के लिए पावरलिफ्टिंग शुरू की।

87.30 KG के सुधीर ने पुरुषों की हैवी वेट कैटेगरी में 212 KG वेट उठाते हुए गेम्स रिकॉर्ड रिकॉर्ड बनाया और गोल्ड मेडल अपने नाम कर लिया। सुधीर पहले प्रयास में 208 KG, दूसरे में 212 KG और 212 चत्र वजन उठाया है। वे आखिरी प्रयास में 217 KG वजन उठाने में नाकाम रहे। 134.5 पॉइंट्स लेकर सुधीर टॉप पर रहे और स्वर्ण पदक अपने नाम किया। हालांकि, वे आखिरी प्रयास में 217 चत्र उठाने में नाकाम हो गए। नाइजीरिया के इकेचुकवु क्रिस्टियन उबिचुकवु ने 133.6 अंक के साथ रजत जबकि स्कॉटलैंड के मिकी यूले ने 130.9 अंक के साथ कांस्य पदक जीता। क्रिस्टियन ने 197 किग्रा जबकि यूले ने 192 किग्रा वजन उठाया। इससे पहले मनप्रीत कौर और सकीना खातून महिला लाइटवेट फाइनल में क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर रहते हुए पदक से चूक गईं जबकि पुरुष लाइटवेट फाइनल में परमजीत कुमार तीनों प्रयासों में विफल रहने के बाद अंतिम स्थान पर रहे।

# एक ही समय में एक से अधिक कार्य करके जशपुर की महिलाएं बन रही आत्मनिर्भर

## सी–मार्ट से सामग्रियों की मांग रायपुर, भिलाई, दुर्ग, सुकमा, अंबिकापुर जिलों में भी बड़ी मात्रा में की जाती

जोहार छत्तीसगढ़–जशपुरनगर।

कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में जशपुर जिले में जिला प्रशासन के अंतर्गत संचालित सी–मार्ट के माध्यम से गौठान के स्व सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा बनाए गए उत्पादों का विक्रय कराने के लिए सी.मार्ट एक उपयुक्त साधन है।





ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं आत्मनिर्भर बन गई है। अब तक समूह की महिलाओं ने 4 माह में लगभग 34 लाख रूपए की बिक्री कर चुके हैं। ग्रामीण महिलाएं गौठानों में संचालित ग्रामीण आजीविका गतिविधियों से आर्थिक रूप सशक्त होने का नया जरिया मिला है। समूह के माध्यम से एक ही समय में एक से अधिक कार्य करके आर्थिक मजबूती प्राप्त करने का जरिया जिला प्रशासन ने दिया है। एनआरएलएम के डिस्ट्री मैनेजर विजय शरण प्रसाद से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में खुड़िया रानी फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी के अध्यक्ष कमला विश्वकर्मा और जीवंती बाई के द्वारा बेहतर संचालन किया जा रहा है। कम्पनी में लगभग 100 स्व सहायता समूह की महिलाएं मिल करके अपने बनाए हुए सामग्रियों का विक्रय के लिए सी–मार्ट भेज रही हैं। सी–मार्ट में स्थानीय लोगों में जीराफूल, जौवा फूल,फूल झाड़ू, अचार, सरसों का तेल, काजूए दाल आदि उत्पादों की मांग हमेशा बनी रहती है। स्व सहायता समूह की महिलाओं ने जिला प्रशासन और कलेक्टर को धन्यवाद देते हुए कहा कि

**समूह की महिलाएं अब तक सी-मार्ट से 34 लाख रूपए का विक्रय कर चुकी**

महिलाएं आज आर्थिक रूप से खुद आत्मनिर्भर बन कर अपने परिवार को भी सहयोग दे रही हैं साथ ही अन्य महिलाओं को भी अपनी सहभागिता निभाने के लिए प्रोत्साहित कर रही हैं। जिला प्रशासन ने स्व सहायता समूह की महिलाओं को फूड प्रोसेसिंग यूनिट की भी सुविधा उपलब्ध कराई है। इससे महिलाओं को रोजगार मिला है और अपने हाथों से 100 ग्राम, 200 ग्राम, आधा किलोग्राम, 1 किलोग्राम के विभिन्न सामग्रियों का पैकिंग करके तैयार करती है। विगत माह जून में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का जशपुर प्रवास के दौरान सी–मार्ट का अवलोकन किया गया और समूह की महिलाओं प्रोत्साहित करते हुए प्रशंसा जाहिर की थी। एनआरएलएम के डिस्ट्री मैनेजर ने जानकारी देते हुए बताया कि आदिम जाति विभाग के द्वारा जिले के विभिन्न आश्रम–छात्रावासों में बच्चों के लिए 8 हजार नग चप्पल लागत् 9 लाख रूपए से खरीदी कर भेजा है। 444 पंचायतों में एलईडी बल्ब 1 लाख 20 हजार की लागत से उपलब्ध कराया गया है। 1 हजार स्वच्छता किट विभिन्न विद्यालयों में उपलब्ध कराया गया है। हर घर झण्डा अभियान के तहत 5 लाख का झण्डा विक्रय किया गया है।

इसके अलावा इमली चटनी, ईमली तेल, अगरबत्ती, धनिया पाउडर, चावल, दाल, चाय पत्ती, महुआ लड्डू, फूल झाडू, सेनेटाइजर, काजू, सरसों का तेल, फेसवास, हैण्ड वास का भी विक्रय करके महिलाएं अच्छी आमदनी प्राप्त कर रही हैं। उन्होंने बताया कि जशपुर के सी.मार्ट से सामग्रियों की मांग रायपुर, भिलाई, दुर्ग, सुकमा, अंबिकापुर जिलों में भी बड़ी मात्रा में की जाती है। अन्य जिलों में मुख्य रूप से काजू, चाय, जीराफूल, जौफूल की मांग बनी हुई है। जशपुर जिले के काजू और चाय की मांग का मुख्य कारण गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाता है। सी–मार्ट में कार्य करने वाली स्व.सहायता समूह की महिलाओं को एनआरएलएम के डीपीएम अमीन खान, भरत पटेल और सी–मार्ट के मैनेजर अनिल कुमार निराला भी समय.समय पर सहयोग देते रहते हैं।

# कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों की ली समीक्षा बैठक

## राजस्व प्रकरणों को गंभीरता से निराकृत करने के दिए निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़–जशपुरनगर।



**प्रकरणों का समय पर निराकरण होने से लोगों को मिलता है संतोष.कलेक्टर**

कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल ने विगत दिवस कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को राजस्व प्रकरणों का गंभीरता से समय.सीमा में निराकृत करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर आईएल ठाकुर सहित समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं वन विभाग के एसडीओ उपस्थित थे। कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों से राजस्व प्रकरणों के सभी दर्ज, निराकृत एवं लंबित प्रकरणों की स्थिति, अपील प्रकरणों की जानकारी, पुनरीक्षण, व्यपवर्तन, अविवादित, विवादित नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, त्रुटि सुधार, नक्शा दुरुस्तीकरण, शासकीय भूमि का अतिक्रमण, भू–अर्जन प्रकरण, शासकीय भूमि का आबंटन, नए आबादी पट्टों का वितरणए वन अधिकार पत्रों, लोक सेवा गारंटी के कार्य की विस्तारपूर्वक समीक्षा करते हुए यथाशीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने राजस्व प्रकरणों की समीक्षा करते हुए समय सीमा के बाहर के लंबित प्रकरणों को अनिवार्य रूप से समयावधि में निराकृत करने के लिए निर्देशित किया।

उन्होंने कहा कि प्रकरणों का समय पर निराकरण होने पर लोगों को संतोष मिलती है। इस हेतु सभी अधिकारी आम लोगों की सहूलियत का विशेष ध्यान रखें। जिससे लोगों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अपने कार्यालयों में इस प्रकार की प्रणाली विकसित करें जिससे प्रकरणों की जानकारी पारदर्शिता के साथ हितग्राहियों को मिले और प्रकरण शीघ्र निराकृत हों।

# विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर पर जन समुदाय को जागरूक करने सीईओ ने एनएसएस के विद्यार्थियों को दिलायी शपथ

जोहार छत्तीसगढ़–रायगढ़।

कलेक्टर रानू साहू के दिशा–निर्देशन एवं सीएमएचओ डॉ.एस.एन केशरी के मार्गदर्शन पर विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर पर जिले में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अबिनाश मिश्रा के द्वारा जिला पंचायत के अधिकारी, कर्मचारियों एवं एनएसएस के छात्र–छात्राओं को विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर पर जन समुदाय को जागरूक करने हेतु शपथ दिलाया गया। एनएसएस के छात्र–छात्राओं के द्वारा शपथ के उपरांत अंबेडकर चौक में जागरूकता अभियान चलाया गया एवं पर्चे बाटकर लोगों को स्तनपान से होने वाले फायदे की जानकारी लोगों को दिया गया। इस मौके पर डीएमसी शशांक शर्मा के साथ एनएसएस के सुशांत पटनायक, प्रतीक प्रधान, आलोक रंजन दुबे, खुशबू साहू, पूर्णिमा सिदार, खुशबू पटेल, नेहा भट्ठ, खिलेश्वरी चौहान, दिव्या चौधरी, रश्मि पटेल, भुनेश्वरी पटेल, संध्या कुर्रे, नेहा साव, उमा उरांव आदि उपस्थित रहे।



# जिले में तैयार होंगी 5 हजार बाड़ियां, कलेक्टर रानू साहू ने दी स्वीकृति

## बारिश में लोगों को मिले रोजगार इसके लिए मनरेगा से स्वीकृत किए गए 30 करोड़ के हितग्राही मूलक कार्य

जोहार छत्तीसगढ़–रायगढ़।



कलेक्टर रानू साहू ने ग्रामीण आजीविका संवर्धन की दिशा में महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। उन्होंने बारिश के मौसम में ग्रामीण इलाकों में लोगों को नियमित रूप से रोजगार मिले इसके लिए ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत मजदूरों जो महात्मा गांधी नरेगा योजनांतर्गत पंजीकृत है उन्हें पर्याप्त मात्रा में वर्षा ऋतु में आवश्यकतानुसार कार्य उपलब्ध कराये जाने हेतु जिले के ग्राम पंचायतों में हितग्राही मूलक 5 हजार 90 बाड़ी विकास के कार्य के लिए 23 करोड़ 64 लाख 21 हजार 900 रुपये की राशि की स्वीकृति दी है। जिससे ग्रामीणों को उनके भूमि पर रोजगार के साथ–साथ आजीविका संर्वधन हो सके। साथ ही वृक्षारोपण के सड़क किनारे वृक्षारोपण 140 कार्य, पौधे संख्या 44 हजार 889 के लिए 6 करोड़ 39 लाख 34 हजार रुपये एवं ब्लाक वृक्षारोपण के 165 कार्य पौधे संख्या 1 लाख 38 हजार 461 के लिए 4 करोड़ 64 लाख 84 हजार रुपये राशि स्वीकृति दी गई है। जिससे चयनित स्व–सहायता समूह को कार्य एजेंसी बनाकर उनके सीमाओं में आने वाले ग्राम पंचायतों में कार्य करने हेतु कार्य आदेश जारी किया गया है। जिसके तहत गौठान, चारागाह, स्कूल मैदान, नहर किनारे, तालाब किनारे स्व–सहायता समूह के सदस्यों के कार्य स्वीकृत किये गये है। जिससे ग्रामीण मजदूरों के साथ–साथ चयनित स्व–सहायता समूह के आजीविका में सुधार हो सके एवं बरसात में महात्मा गांधी नरेगा योजनांतर्गत मजदूरों को पर्याप्त मात्रा में कार्य प्रदाय की जा सके।

## एक नजर

### वैज्ञानिक सलाहकार समिति की एक दिवसीय बैठक संपन्न

जोहार छत्तीसगढ़–रायगढ़।



निदेशक विस्तार सेंवाये, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर डॉ.पी.के.चंद्रकर की अध्यक्षता में गत दिवस कृषि विज्ञान केन्द्र, जांजगीर–चांपा में एक दिवसीय वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में रायगढ़, कोरबा एवं जांजगीर–चांपा जिले के कृषि वैज्ञानिक एवं उन्नतशील कृषक शामिल हुये। बैठक में कृषि विज्ञान केन्द्र, रायगढ़ द्वारा विगत वर्ष में किये गये कार्य एवं आगामी कार्य योजना के बारे में प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विस्तार से चर्चा किये। बैठक में डॉ.पी.के.चंद्रकर, निदेशक विस्तार सेंवाये द्वारा रायगढ़ जिले में कृषि के क्षेत्र में किये जा रहे कार्य की तारीफ करते हुये, मसाला वर्गीय फसलों के क्षेत्रफल बढ़ाने, प्रसंस्करण एवं विपणन पर विशेष जोर देने हेतु निर्देशित किये। बैठक में इंजी.आर.के.स्वर्णकार, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, डॉ.मनीषा चौधरी, के.के.पैकरा, डॉ.सी.पी.एस. सोलांकी, डॉ. एन.सी. बंजारा, वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केन्द्र एवं जिले के उन्नतशील कृषक सीताराम पटेल, श्री दादूराम चंद्रा व श्री नारायण गवेल शामिल हुये।

### मशरुम उत्पादन ने बदली समूह की महिलाओं की जिंदगी

जोहार छत्तीसगढ़–रायगढ़।





ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने के लिए शासन की बनाई गई योजना किस प्रकार से फलीभूत हो रही है। इसकी एक बानगी विकासखंड रायगढ़ के ग्राम पंचायत सरवानी में देखने को मिली। जहां सखी ग्राम संगठन, मां आदिशक्ति महिला स्व–सहायता समूह की सदस्य बिजेश्वरी पटेल 2018 ने बिहान समूह से जुड़ी। जहां शासन द्वारा संचालित नरवा, गरवा, घुरवा एवं बाड़ी योजना अंतर्गत ग्राम में गोठान संचालित है, जहां वर्मी कंपोस्ट उत्पादन, सब्जी बाड़ी एवं वृक्षारोपण किया गया। यहां महिलाओं को आजीविका से जोड़ने के लिए समूह गठन से पहले बैठक आयोजित कर आजीविका पर चर्चा कर मशरूम उत्पादन के लिए बैंक से लिंकेज किया गया। बैंक से 50 हजार रुपए प्राप्त कर 20 हजार रूपए की लागत से मशरूम उत्पादन किया गया। समूह के सदस्यों की मेहनत रंग लाई और पहले प्रयास में सफलता अर्जित की। इस दौरान समूह को लगभग 80 हजार रुपए शुद्ध लाभ प्राप्त हुआ। वर्तमान में समूह के सदस्यों द्वारा 2 लाख 50 हजार रुपए बैंक से ऋण लेकर सभी सदस्य मशरुम उत्पादन व्यक्तिगत रूप से कर रहे हैं।

समूह की सदस्य बिजेश्वरी पटेल स्वयं मशरूम उत्पादन करने के साथ अन्य महिलाओं को मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण प्रदान कर स्वावलंबनी बना रही है। बिजेश्वरी के परिवार में कुल 6 सदस्य हैं, परिवार की आय का मुख्य स्त्रोत पारंपरिक कृषि पर ही निर्भर रहता है। लेकिन आज बिजेश्वरी बिहान समूह से जुड़कर मशरूम उत्पादन की जानकारी एवं प्रशिक्षण से लगभग 2 लाख 50 हजार से अधिक का लाभ अर्जित कर चुकी है। आय के स्त्रोत बनने से परिवार के स्वास्थ्य, बच्चों की शिक्षा के साथ ही सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है। मायावती सिदार एवं जयंती महेश्वरी द्वारा भी मशरुम उत्पादन से अच्छी आय अर्जित कर चुकी हैं। जिनका उपयोग वो परिवार की सहायता, बच्चों की पढ़ाई और इलाज आदि में कर रही है। समूह के सदस्यों का कहना है कि समूह में काम करने से आत्मविश्वास बढ़ता है। संगठन के फलस्वरुप समूह को व्यक्तिगत जरूरतों में साथ ही आर्थिक सामाजिक मदद मिलती है। बिजेश्वरी भविष्य में मशरूम उत्पादन को वृहद स्तर पर संचालित करना चाहती है। इसके साथ ही समूह के सभी सदस्य सामूहिक रूप से गुड़ चिक्की निर्माण कर सी–मार्ट के माध्यम से विक्रय करने की कार्य योजना बना रही है। जिससे समूह को आर्थिक मजबूती के साथ सदस्यों को बेहतर लाभ मिल सके।

# जिले में मनाया जा रहा वजन त्यौहार, हो रहा थर्ड पार्टी वैलीडेशन भी

जोहार छत्तीसगढ़–रायगढ़।






छत्तीसगढ़ शासन महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत 1 से 13 अगस्त 2022 के बीच वजन त्यौहार का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में रायगढ़ जिले में 3408 आंगनबाड़ी/मिनी आंगनबाड़ी केन्द्रों में वजन त्यौहार मनाया जा रहा है। जिसमें 1 लाख 20 हजार बच्चों का वजन एवं ऊंचाई ज्ञात की जाएगी। जिससे बच्चों में कुपोषण का स्तर पता लगाकर योजनायं बनायी जा सकेगी। इस बार के वजन त्यौहार की प्रमुख विशेषता यह है कि शासन द्वारा तृतीय पक्ष से सत्यापन कराने का निर्णय लिया गया है। जिसके तहत रायगढ़ जिले में 2 स्वयं सेवी संस्थाओं, महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं एवं यूनीसेफ के जिला स्तरीय दल द्वारा विभिन्न परियोजनाओं के लगभग 500 आंगनबाड़ी केन्द्रों में लगभग 10 हजार बच्चों के वजन तथा प्रक्रिया का सत्यापन एवं विश्लेषण किया जा रहा है। थर्ड पार्टी वेलिडेशन से न केवल सही एवं प्रमाणित आंकड़ों का संग्रहण हो सकेगा बल्कि सही पोषण स्तर का भी पता चल सकेगा। साथ ही पायी गयी कमियों को दूर करने का प्रयास भी किया जाएगा।

# छल कपट कर सेटअप बाक्स का क्लोनिंग कर फर्जी आईडी बनाकर धोखाधड़ी

जोहार छत्तीसगढ़–कोरबा।

कोरबा जिले में केबल संचालक से छल कपट कर उसके सहयोगीयों ने संचालक को चूना लगा दिया है संचालक से छल कपट कर सेटअप बॉक्स का क्लोनिंग कर फर्जी आईडी बनाकर एक नाम से चार कनेक्शन चलाने का मामला प्रकाश में आया है। जिसमें एक गिरोह के रूप में कोरबा सहित छत्तीसगढ़ के अन्य जिलों में इस प्रकार सेटअप बॉक्स क्लोनिंग कर जीएसटी की चोरी करते हुए व्यक्तिगत लाभ लिया जा रहा है शिकायत पर पुलिस ने फिलहाल 14 लोगों के ऊपर मामला पंजीबद्ध करते हुए विवेचना कर रही है। दरअसल अरविंद सिंह पनवार पिता हरि सिंह पनवार निवासी 63 न्यू देवास रोड इंदौर मध्य प्रदेश का है वह केबल संचालन व केबल लाइन लीज पर लेकर काम करने का व्यवसाय मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ में विगत 2011 से कर रहा है 2014 में वंदे मातरम केबल से जुड़कर कोरबा में अलग–अलग जगह में केबल लीज पर लेकर और वंदे मातरम केबल नेटवर्क के साथ मिलकर डायेक्टर कनेक्शन का कार्य पर अपना रोजगार चलाता है। संचालक स्थायी निवासी इंदौर मध्यप्रदेश का रहने वाला है इस लिये कभी कोरबा तो कभी मध्यप्रदेश में रह के अपना कार्य करता है किन्तु कोविड 19 वैश्विक माहामारी के समय से वह अपना गृह निवास इंदौर में स्थायी रूप से चला गया था और लंबे समय तक कोरबा नहीं आने पर विक्की गुलाटी, अंजन चौधरी, उदय प्रताप सिंह, भास्कर चटर्जी, पुरूषोत्तम कर्ष, करन सिंह ठाकूर, संतोष पटेल, प्रकाश गुप्ता, आशीष नामदेव व अन्य के द्वारा कनेक्शनो पर अपना मालिकान हक जमाकर लाईनो पर स्वयं कार्य करने लगे। 01 अगस्त 2020 को जब केबल संचालक वापस आया और उसने अपना हिसाब मांगा तो सरगना ने घाटा दिखाकर अर्थात कनेक्शन सेटअप बाक्स में कमी बताकर होने वाली आय को स्वयं वसूल कर अलग से उपयोग उपभोग करने लगे केवल संचालक द्वारा सेटअप बाक्स की संख्या व सर्वे करने की बात कहने पर उन लोगों ने मना कर दिया। तब संचालक द्वारा गुप्त रूप से सर्वे करवाया गया तो कनेक्शनो की संख्या में कोई कमी नहीं दिखी तब सेटअप बाक्स के सबक्रिशन आईडी के नम्बरो का मिलान कराया गया तो बड़ी गड़बड़ी दिखी एक ही सबक्रिशन आईडी के 3 से 4 डिब्बे लाईनों पर चल रहे हैं। जिसे साधारण भाषा में क्लोनिंग बाक्स बोला जाता है। यह एक डिजिटल साईबर क्राईम है। यह

**14 लोगों पर एफआईआर दर्ज, अवैध केबल का अवैध लाभ, पूरा गिरोह डिजिटल साइबर क्राइम में शामिल, अन्य जिलों में भी गिरोह के तार, एक आईडी के नाम पर चार कनेक्शन**

एक बड़ा दंडनीय अपराध है। यह साइबर क्राईम में आता है यह एक अकेले व्यक्ति का काम नहीं है। इसमे पूरा एक गिरोह शामिल है जिसे जयपाल सिंह गुलाटी संचालित करता है। क्लोलिंग बाक्स बनाकर ये मौजूदा एमएसओ केन्द्र सरकार को प्रतिमाह लाखों रूपये का आर्थिक नुकसान पहुंचा रहे हैं तो तुरंत केवल संचालक अरविंद सिंह पवार ने 21 सितंबर 2020 को बालको थाने में आवेदन दिया। जब इसकी जानकारी गिरोह के सरगना जयपाल सिंह गुलाटी को लगी तो उसने केबल संचालक अरविंद सिंह पवार को करन सिंह ठाकूर के घर बुलाकर जान से मारने की धमकी दी और वंदेमातरम केबल नेटर्वक कंपनी का फर्जी रिकव्हरी नोटिस दिया जिसमें अवैध तौर पर संचालक से 8,00,000 आठ लाख रूपये की रिकव्हरी मांगी। केबल संचालक अरविंद सिंह पवार ने पुलिस में दर्ज रिपोर्ट में बताया है कि इसी गिरोह के अन्य सदस्यों ने मेरे पास रखे मेरे दस्तावेज जिसमें चेकबुक, पेन ड्राईव मुझसे छिन लिये और मुझे कोरबा छोड़ने की धमकी और वापस आने पर जान से मारने की धमकी दी पिछले माह किसी ने मुझे फोन कर के बताया कि विक्की गुलाटी अपने नेटर्वक जमनीपाली तहसील दर्री की एक होटल शिवायल में एक ही नम्बर दो डब्बे होटल के अलग अलग रूम में चला रहा था उसी प्रकार उसी होटल में मेरे नाम से फर्जी आईडी बनाकर एक ही नम्बर के दो डब्बे अलग अलग रूम में चला रहा था ताकि अगर फंसने की बात आये तो मेरे नाम के आईडी दिखाकर बच सके, जिसकी डिटेल जब मैंने निकाली तो मुझे ज्ञात हुआ किए यह सही है अपने एमएसओ और पाटनरो को भी धोखा दे रहे हैं मेरे नाम का उपयोग कर आईडी बनवा रखी है इसमें सारी डिटेल जैसे मोबाईल नंबर ई.आईडी आफिस एड्रेस सब अपनी मर्जी का डालकर मेरे नाम से गलत काम कर रहे है इसमें यह सभी लोग शामिल है। यह गिरोह पे नेट द्वारा निर्मित सेटअप बाक्स का क्लोन बनाकर अवैध केबल का अवैध लाभ प्राप्त कर रहे है।

पे नेट कंपनी द्वारा निर्मित सेटअप बाक्स का क्लोन बनाकर यह गिरोह अन्य जगहो पर ऐसा ही कार्य कर रहा है जिसमें राजीव पंजारिया, बृजेश यादव उनका साथ दे रहे है जो कि अन्य शहर में पे नेट कंपनी के बाक्स का डिस्त्रीाकबुटर शीप लेकर स्वतंत्र रूप से कार्य कर रहे है। यह एक बहुत बड़ा खोटाला है जिसके द्वारा एमएसओ और केन्द्र सरकार को लाखों रूपये का नुकसान हो रहा है। इसमें पे नेट कंपनी जो कि बैंक क्रप्ट हो चुकी है। उसके कुछ उच्च अधिकारी भी शामिल है। इस क्लोंनिंग का फायदा उठाकर कोरबा शहर के एक अन्य एमएसओ के मैनेजर अजय गुप्ता और उसके साथ शामिल आपरेटर वेदपुरी गोस्वमी, गंगापुरी गोस्वामी व अन्य आपरेटर अपने आधे कनेक्शनो पर पे नेट के डिब्बे लगाकर उन्हे क्लोन कर बाजार में चला रहा है। अतरू निवेदन है कि उक्त लोगो के विरूद्ध उचित दंडात्मक कार्यवाही करने की कृपा करें। फिलहाल दर्री पुलिस ने सरगना सहित 14 लोगों के ऊपर एफआईआर दर्ज करते हुए मामले की जांच कर रही है और शिकायतकर्ता द्वारा बताए अन्य जिलों मैं इस गिरोह की सक्रियता के मध्य नजर पुलिस अन्य जिलों में चल रहे इस केबल नेटवर्क से जुड़े सभी तार को जोड़ने और इस प्रकार की गड़बड़ी जो डिस्टल साइबर क्राइम के अंतर्गत आती है उसे पकड़ने का प्रयास कर रही है। और इन लोगों पर पुलिस मामला पंजीबद्ध किया गया है जिसमें से जयपाल सिंह ऊर्फ विक्की गुलाटी अंजन चौधरी, उदय प्रताप सिंह, भास्कर चटर्जी, पुरूषोत्तम कर्ष, करन सिंह ठाकूर, संतोष पटेल, आशीष नामदेव राजीव पंजारिया, बृजेश यादवए प्रकाश गुप्ता, अजय गुप्ता सतीश वेद पुरी गोस्वमी, गंगापुरी गोस्वामी एवं उनके अन्य सहयोगियों के नाम शामिल है ।

# स्तनपान को बढ़ावा देने के लिए जिले में हो रहे विविध आयोजन

## किशोरी, बालिकाओं को आंगनबाड़ियों के माध्यम से किया जा रहा जागरूक







जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

विश्व स्तनपान सप्ताह पूरे जिले में मनाया जा रहा है जिसमें स्वास्थ्य विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा विभिन्न प्रकार के आयोजन किये जा रहे हैं। माँ के दूध के गुणों के बारे में जानकारी देना और समुदाय में माँ के दूध के महत्व देने के लिए हर वर्ष अगस्त के पहले सप्ताह को विश्व स्तनपान सप्ताह के रूप में मनाया जाता है। इस बार विश्व स्तनपान सप्ताह की थीम ष्स्तनपान के लिए एक कदम बढ़ाएं और लोगों को इसके लिए शिक्षित और सहयोग करेंश् रखी गई है। शुक्रवार को जिला पंचायत में मुख्य कार्यपालन अधिकारी आईएएस अबिनाश मिश्रा ने अधिकारियों-कर्मचारियों और राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्रों को स्तनपान को बढ़ावा देने और जागरूकता लाने की शपथ दिलाई। इसी तरह आंबेडकर चौक में भी लोगों को स्वास्थ्य विभाग के द्वारा स्तनपान के प्रति जागरूक किया गया।

स्वास्थ्य विभाग के जिला मोबिलाइजेशन कंसलटेंट शशांक शर्मा ने लोगों से कहा स्तनपान को हमें बढ़ावा देना चाहिए। स्तनपान करने वाले बच्चों में मानसिक और शारीरिक वृद्धि उन बच्चों की अपेक्षा अधिक देखी जाती है जिन्हें मां का दूध कम समय के लिए मिलता है। छह माह तक केवल माँ का दूध ही बच्चों की जरुरत को पूरा करता है। इस अवधि में बच्चे को कोई और भी चीज यानि पानी तक भी नहीं देना चाहिए। छह माह के बाद माँ के दूध के साथ शिशु को पूरक आहार भी देना चाहिए। इसीलिए सरकार शिशुओं को स्तनपान करवाने पर जोर दे रही है।

जिले के आंगनबाड़ियों में स्तनपान सप्ताह के साथ वजन त्यौहार भी मनाया जा रहा है। आंगनबाड़ी में किशोरी, बालिकाओं, गर्भवतियों और शिशुवतियों को स्तनपान के महत्व को बताया जा रहा है। इस संबंध में महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी टिकवेंद्र जाटवर ने कहा, हम किशोरी और बालिकाओं को खासकर स्तनपान के बारे में जागरूक कर रहे हैं क्योंकि आगे इन्हें ही माता बनना है। हमारी मितानिन और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से इलाके की किशोरी और बालिकाएं काफी घुली-मिली रहती हैं जिसके कारण उन्हें आसानी से हम समझा सकते हैं। शिशुवती और गर्भवती महिलाओं को भी हम स्तनपान के फायदे और नहीं कराने से नुकसान को भी बता रहे हैं। लोगों में जागरूकता आ रही है।

शुक्रवार को कायाघाट स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में महापौर जानकी काटजू भी पहुंची थी जहां उन्होंने बताया जिन शिशुओं को जन्म के 1 घंटे के भीतर स्तनपान नहीं कराया जाता उनमें मृत्यु का जोखिम अधिक होता है। इसलिए जन्म के प्रथम एक घंटे के भीतर ही शिशु को मां का पहला पीला गाढ़ा दूध अवश्य पिलाना चाहिये एवं छः माह तक की आयु तक शिशु को केवल और केवल स्तनपान कराना चाहिए। इस दौरान बच्चे को पानी पिलाने की भी आवश्यकता नहीं होती है क्योंकि मां के दूध में आवश्यकतानुसार पर्याप्त पानी होता है।

### बच्चों के साथ माताओं को भी कई रोग से बचाता स्तनपान – सीएमएचओ डॉ. केसरी

*मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एसएन केसरी ने बतायाए मां का दूध शिशु के मानसिक और शारीरिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है। यह खुद में संपूर्ण आहार है, 6 माह तक यह शिशु को डायरिया, निमोनिया और कुपोषण से बचाने के लिए आवश्यक है। स्तनपान कराने वाली माताओं में स्तन कैंसर का जोखिम भी कम रहता है।*

# विश्व आदिवासी दिवस तथा मोहर्रम पर्व पर शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु कलेक्टर ने दी आवश्यक दिशा निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल ने विगत दिवस कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आगामी 9 अगस्त 2022 को विश्व आदिवासी दिवस तथा मोहर्रम पर्व को देखते हुए जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर डी. रविशंकर, अपर कलेक्टर आईएल ठाकुर, समस्त एसडीएम व तहसीलदार उपस्थित थे। कलेक्टर ने जिले में विश्व आदिवासी दिवस एवं मोहर्रम पर्व शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाये जाने हेतु पर्व के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के सम्बंध में सभी अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए सभी आवश्यक प्रशासनिक व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया। इस हेतु उन्होंने सभी अनुभाग स्तर पर सभी समाज प्रमुखों की शांति समिति की बैठक लेने की बात कही। साथ ही कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की ड्यूटी निर्धारित करने के लिए कहा। कलेक्टर ने किसी भी प्रकार की घटना होने पर तत्काल सूचित कर आवश्यक कार्यवाही करने के लिए कहा।

# मेडिकल शिक्षा इसी सत्र में चालू करने सांसद पहुंची स्वास्थ्य मंत्रालय

## मान्यता के लिए लगातार प्रयासरत ज्योत्सना महंत ने फिर लिखा पत्र

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।






छत्तीसगढ़ राज्य के कोरबा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत कोरबा में भारत सरकार के केंद्रीय प्रवर्तित योजना के अंतर्गत मेडिकल कॉलेज की स्थापना दो वर्ष पूर्व हो चुकी है। इन दो वर्षों में भी यहां चिकित्सा महाविद्यालय के लिए शैक्षणिक सत्र प्रारंभ करने की स्वीकृति प्राप्त नहीं हुई है। कोरबा सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत के द्वारा मेडिकल कॉलेज में चिकित्सा की पढ़ाई प्रारंभ कराने के लिए लगातार प्रयास और पत्र व्यवहार किया जा रहा है। इस कड़ी में सांसद द्वारा पुनरू एक पत्र केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग मंत्री मनसुख मांडविया को लिखा गया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री को सांसद ने अपने पत्र में मेडिकल कॉलेज में शिक्षा प्रारंभ करने की स्वीकृति प्रदान करने की मांग दोहराई है। सांसद ने उन्हें अवगत कराया है कि 8 जून 2022 को एनएमसी की टीम द्वारा चिकित्सा महाविद्यालयए कोरबा का वर्चुअल वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से निरीक्षण किया गया था जिसमें महाविद्यालय हेतु तैयारियों के संबंध में भवन निर्माणए भूमि, चिकित्सा शिक्षकों, लाइब्रेरी, लैब आदि का निरीक्षण उपरांत तैयारियों पर संतुष्टि प्रकट की गई थी। उनके द्वारा सीटी स्केन मशीन की जानकारी चाही गई जिसकी पूर्ति हेतु निविदा जारी की जा चुकी है। इस बीच छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले के लिए चिकित्सा महाविद्यालय हेतु 100 सीटों के लिए अनुमति दी जा चुकी है किन्तु कोरबा के लिए स्वीकृति जारी नहीं हुई है। सांसद ने कहा है कि कोरबा आदिवासी एवं कोयलांचल क्षेत्र है। यहां के निवासियों की स्वास्थ्य सुविधा एवं उनकी भावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए एवं छोटी-छोटी कमियों पर ध्यान न देते हुए कोरबा मेडिकल कॉलेज में शिक्षा प्रारंभ करने हेतु स्वीकृति प्रदान करने समुचित निर्देश जारी किया जाए। उल्लेखनीय है कि कोरबा सांसद मेडिकल कॉलेज स्थापना से लेकर यहां की सुविधाओं में बेहतरी के लिए लगातार प्रयासरत रहीं हैं। उन्होंने फिर एक बार इस ओर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री का ध्यान आकर्षण कराया है ताकि जल्द से जल्द मेडिकल कॉलेज में शैक्षणिक कार्य प्रारंभ किया जा सके।

# कलेक्टर ने चीर बगीचा स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र में आयोजित वजन त्यौहार का किया निरीक्षण

## 6 माह की बच्ची नवशीन का वजन एवं ऊंचाई मापकर पोषण स्तर की ली जानकारी

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



### आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बच्चों के पोषण पर विशेष ध्यान देने के दिए निर्देश



कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल ने जशपुर नगरीय क्षेत्र के चीर बगीचा स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र में आयोजित वजन त्यौहार का निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों का लिए जा रहे वजन एवं ऊंचाई मापन का अवलोकन किया। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यक्रम अधिकारी अरुण पांडे, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। कलेक्टर अग्रवाल ने केंद्र में आयोजित वजन त्यौहार का निरीक्षण करते हुए 6 माह की बच्ची नवशीन का वजन एवं ऊंचाई मापकर पोषण स्तर की जानकारी ली। उन्होंने केंद्र में उपस्थित सभी शिशुवती माताओं एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बच्चों के पोषण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को 1 अगस्त से 13 अगस्त 2022 तक आयोजित वजन त्योहार के अंतर्गत निर्धारित समयावधि में 0 से 6 वर्ष तक के सभी बच्चों का वजनए ऊंचाई का माप करने के लिए कहा। जिससे उनके पोषण स्तर की जानकारी मिल सके। साथ ही सभी बच्चों का अलग-अलग ग्रोथ चार्ट बनाकर रजिस्टर का संधारण करने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान कलेक्टर अग्रवाल ने आंगनबाड़ी केंद्र का अवलोकन करते हुए आंगनबाड़ी सहायिका व कार्यकर्ताओं से केंद्र में बच्चों, गर्भवती महिलाओं, शिशुवती माताओ की कुल दर्ज संख्या, दैनिक उपस्थिति एवं उन्हें दी जाने वाली पोषण आहार के सम्बंध में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने बच्चों एवं एनिमिक महिलाओं को नियमित रुप से पोषण आहार दिए जाने के निर्देश दिए। जिससे उनके शारीरिक एवं मानसिक विकास में बढोत्तरी हो। साथ ही मध्यान्ह भोजन में हरी सब्जियां स्थानीय भाजी एवं फल को शामिल करने के लिए कहा। इस हेतु सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण वाटिका विकसित करने की बात कही। उन्होंने केंद्र में बच्चों और शिशुवती माताओ की उपस्थिति बढ़ाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि जिले को एनीमिया मुक्त बनाने में सभी की सहभागिता आवश्यक है। सामूहिक प्रयास से ही कुपोषण स्तर को दूर किया जा सकता है। उन्होंने केंद्र में उपस्थित सभी बच्चों को टॉफी देकर वजन कराने के लिए प्रोत्साहित किया।

## एक नजर

### त्रिलोक श्रीवास के नेतृत्व में राजभवन घेराव में पहुंचे बेलतरा के कांग्रेसजन

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।



प्रदेश कांग्रेस कमेटी छत्तीसगढ़ द्वारा रायपुर में महंगाई एवं खाद्य पदार्थों पर जीएसटी लगाने के विरोध में एक दिवसीय धरना एवं राजभवन घेराव कार्यक्रम का आयोजन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम के संयुक्त नेतृत्व में आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में बिलासपुर जिले के लोकप्रिय कांग्रेस नेता त्रिलोक श्रीवास,मार्गदर्शक पार्षद वार्ड क्रमांक 68 नगर निगम बिलासपुर के नेतृत्व में बेलतरा बिलासपुर के सैकड़ों कांग्रेस जन सम्मिलित हुए। जिसमें प्रमुख रुप से मनोज श्रीवास,पंडित महेश मिश्रा, पंडित जितेंद्र शर्मा, जीतू दीपक कश्यप हृदयश कश्यप सोनू साहू आनंद कश्यप राहुल गोरख मनोज पंडा राजेश सिंह कौशल श्रीवास्तव चरण सिंह राज धनंजय कश्यप प्रदीप रजक नवीन चंद्र दुबे पवन सिंह रवि बघेल दादूराम गणेश वर्मा मोहसिन खान राहुल सिंह ठाकुर शुभम श्रीवास पार्थ कुमार राजू कश्यप नंदकिशोर वर्मा सहित सैकड़ों जन शामिल थे।

### जय हो टीम द्वारा बगीचा के स्कूलों में जाकर छात्रों को किया गया जागरूक

#### हर घर तिरंगा अभियान के लिए किया प्रेरित

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



जिला प्रशासन जशपुर और यूनिसेफके संयुक्त तत्वाधान में किशोर स्वास्थ्य, ऑनलाइन सुरक्षा, जीवन कौशल और रोजगार हेतु सुरक्षित पलायन पर ध्यान देने के साथ ही किशोर सशक्तिकरण की दिशा में प्रगति लाने के लिए जय हो कार्यक्रम की शुरुआत किया गया। इसी कड़ी में जय हो वॉलिंटियर द्वारा बगीचा विकासखण्ड में अमृत महोत्सव के अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत् स्कूलों में जाकर छात्रों को जागरूक किया गया और हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने का आग्रह किया गया है। साथ ही लोगों को एनीमिया मुक्त जशपुर बनाने और कोरोना टीकाकरण लगवाने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

### विशाल रक्तदान शिविर

जोहार छत्तीसगढ़-राजनंदगांव।



वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी की जन्म दिवस के अवसर पर 16 अगस्त को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन जिला चिकित्सालय बसंतपुर राजनांदगांव में किया जाएगा इसी के लिए 5 अगस्त 2022को कुछ क्षेत्रीय युवाओं के साथ चर्चा किया गया बैठक में उपस्थित युवा लोधी समाज के प्रदेश अध्यक्ष मूलचंद लोधी छत्तीसगढ़ राज्य, जिला युवा लोधी समाज के जिलाध्यक्ष डॉ राघव वर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष डोमेन लोधी, प्रदेश उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा, प्रदेश संगठन मंत्री अशोक वर्मा, डोगरगढ़ सर्किल के सचिव रामचरण वर्मा, भोजराज वर्मा, शिव वर्मा, हेमंत जंघेल, जिला उपाध्यक्ष डॉ संजय वर्मा, पारस वर्मा, साथ ही एलबी नगर सर्किल के युवा अध्यक्ष हेमलाल वर्मा एका जन्मदिन भी मनाया गया जिसमें उपस्थित जिला युवा लोधी समाज के सोनू वर्मा, दानेश्वर लिल्हारे, युवा लोधी समाज के राजनांदगांव सर्किल अध्यक्ष पंकज वर्मा, राजनांदगांव जितेंद्र वर्मा, कमलेश वर्मा, अकबर वर्मा, नीलांबर वर्मा, अशोक जंघेल, अनिल जंघेल, गोवर्धन वर्मा शिव वर्मा टूम्मन वर्मा हितेश्वर वर्मा, बृजबहल वर्मा, मकुंदी वर्मा, तामेंद्र वर्मा, नितिन वर्मा सहित जिला युवा लोधी समाज के महासचिव लोधी लोकेश वर्मा ने बैठक का संचालन किया।

# हर घर तिरंगा अभियान 11 से 17 अगस्त स्वतंत्रता सप्ताह में हर घर लहराएगा तिरंगा

## समूह की महिलाएं तैयार कर रही झंडे, जिला कलेक्टोरेट में विक्रय हेतु स्टाल स्थापित

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।



### महिला समूहों को तिरंगा झंडा तैयार करने के कार्य के जरिए अभियान से जोड़ने पर महिलाओं में जताई खुशी

आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत चलाए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान के तहत 11 से 17 अगस्त तक प्रदेश में स्वतंत्रता सप्ताह मनाया जा रहा है। इस स्वतंत्रता सप्ताह में हर घर में तिरंगा लहराएगा।

कलेक्टर कुलदीप शर्मा तथा जिला पंचायत सीईओ कुणाल दुदावत ने आज कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित स्टॉल का अवलोकन कर महिलाओं से तिरंगे खरीदे। उन्होंने आमजनों को तिरंगा वितरित कर अपने-अपने घरों में सम्मानपूर्वक तिरंगा फहराने की अपील की। कलेक्टर शर्मा के मार्गदर्शन में इस अभियान को सफल बनाने समूह की महिलाएं नागरिकों में राष्ट्रीय ध्वज को अपने घर पर फहराने के लिए प्रेरित करने, आम जन में देश भक्ति की भावना विकसित करने तथा राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान में वृद्धि लाने के लिए ग्रामीण स्तर के नागरिकों को जोड़ रही है। जिला कलेक्टोरेट परिसर में महिलाओं द्वारा स्टॉल लगाकर झण्डे विक्रय किए जा रहे हैं। रोशनी स्व सहायता समूह की महिला खुर्शीदा ने कहा कि शासन की यह बहुत अच्छी पहल है जिन्होंने देश के लिए झंडा बनाने के कार्य में समूह की महिलाओं को जोड़ा है। झंडा बनाने के कार्य समूह को देकर इस अभियान का हिस्सा बनाया है। इस अभियान को सफल बनाने के लिए अब समूह की सभी महिलाएं जुड़ गई है साथ ही अब गांव के लोग भी अभियान में जुड़कर सक्रिय भागीदारी निभाएंगे। भरतपुर विकासखण्ड में जनकपुर की कोरिया स्व सहयता समूह, मनेन्द्रगढ़ विकासखण्ड में चवगहड़ा की महिला बचत स्व सहायता समूह, विकासखण्ड बैकुण्ठपुर के छिंदिया में जय माँ लक्ष्मी स्व सहायता समूह तथा पटना की आदर्श एवं रोशनी स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा अब तक कुल 6 हजार तिरंगे तैयार किए गए हैं। उल्लेखनीय है कि आजादी की 75वीं वर्षगांठ के पावन अवसर पर पूरे देश में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। आगामी स्वतंत्रता को खास बनाने के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आह्वान पर प्रदेश में 11 अगस्त से 17 अगस्त तक स्वतंत्रता सप्ताह का आयोजन होगा जिसमें 13 से 15 अगस्त तक जिले में हर घर तिरंगा अभियान के तहत हर गांव, हर शहर, हर घर में तिरंगा फहराया जाएगा और विविध कार्यक्रम भी आयोजित होंगे।

# लैलूंगा भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने भूपेश सरकार के विरूद्ध किए धरना प्रदर्शन

## आपस में खूब चले लात घूंसे

जोहार छत्तीसगढ़-लैलूंगा।



भारतीय जनता युवा मोर्चा लैलूंगा के तत्वावधान में 5 अगस्त 2022 को कार्यालय अर्नुविभागीय दण्डाधिकारी लैलूंगा के सामने भाजयुमो के भव्य पण्डाल में सैकड़ों कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में विशाल धरना प्रदर्शन करते हुए छत्तीसगढ़ के भूपेश बघेल सरकार पर भ्रष्टाचार, तथा बेरोजगारी भत्ता को लेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने सरकार के वादा खिलाफी नितियों के विरूद्ध जमकर नारे बाजी करते हुए सरकार के विरूद्ध सरकार विरोधी नारे बाजी किया गया । साथ में लैलूंगा विधान सभा के पूर्व विधायक व संसदीय सचिव सुनिती सत्यानन्द राठिया एवं पूर्व विधायक व मंत्री सत्यानन्द राठिया तथा भाजयुमो के राष्ट्रीय मंत्री रवि भगत, प्रदेश मंत्री सह जिला प्रभारी जितेन्द्र देवांगन, भाजपा जिला मंत्री सतीष बेहरा, भाजयुमो जिलाध्यक्ष विनायक पटनायक, जिला पंचायत सदस्य देवेन्द्र प्रताप सिंह, लोकेश्वरी सिदार, रमेश पटनायक, शिवप्रकाश भगत, सुरजभान भगत, बोधराम प्रधान, अमर अग्रवाल, कृष्णा जायसवाल, सूरज शर्मा, राजेश बेहरा, पितेश बेहरा, प्रवीण द्विवेदी, संतोष यादव, नरेश निषाद, केशबो पैंकरा सहित सैकड़ों कि संख्या में भाजयुमो के कार्यकर्ताओं ने लैलूंगा एसडीएम कार्यालय का घेराव कर दरवाजे में उत्पात मचाते हुए ज्ञापन सौंपा । तत्पश्चात पुनः मंच पर आकर किसी बात को लेकर भाजयुमो के मुकडेगा मण्डल अध्यक्ष शिवप्रकाश भगत तथा लैलूंगा मण्डल अध्यक्ष अमर अग्रवाल के बीच जमकर गाली गलौच करते हुए दोनों पक्षों के बीच खूब लात घूंसे चले । इसी बीच भाजपा के पूर्व विधायक सह मंत्री सत्यानन्द राठिया, भाजयुमो के राष्ट्रीय मंत्री रवि भगत एवं जिले के पदाधिकारियों की मौजूदगी में मारपीट के साथ खुले आम भाजयुमो के मंच में जूतम पैजार होना कहीं न कहीं भारतीय जनता पार्टी की अंरत कलह तथा गुटबाजी की ओर खुला इसारा करती है । ऐसे में आम जनता भाजपा से भला क्या उम्मीद कर सकती है । जो कि आपस में जूम पैजार से जिन्हें फूर्सत न हो ।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी ( रा. ) धरमजयगढ़ जिला रायगढ़ ( छ.ग. )**

ई-कोर्ट क्रमांक: /अ-2/2021-2022

**साकिन -कापू**

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण जनता ग्राम-कापू को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्याम गुप्ता वल्द सुरेश कुमार गुप्ता उम्र 40 वर्ष जाति-रौनियार निवासी ग्राम पत्थलगांवखुर्द, तहसील-धरमजयगढ़ जिला रायगढ़ (छ.ग.) द्वारा आवेदन पत्र अंतर्गत धारा-172 छ.ग. भू. रा. संहिता 1959 के तहत ग्राम कापू प.ह.नं. 21 में स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 176/12 रकबा 0.065 हे. भूमि को आवासीय प्रयोजनार्थ परिवर्तित करने बावत् आवेदन पत्र मय सहपत्र प्रेषित किया गया है।

अतः ग्राम कापू तहसील-धरमजयगढ़ जिला रायगढ़ (छ.ग.) में स्थति आवेदक के भूमि स्वामी हक अधिकार एवं कब्जे की भूमि खसरा नंबर 176/12 रकबा 0.065 हे. भूमि को आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु अनुमति दिये जाने में जिस किसी हितबद्ध पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति/दावा वगैरह प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 4/08/2022 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18/07/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील, मुहर अंकित कर जारी किया गया।

सील

**अनुविभागीय अधिकारी ( रा. ) धरमजयगढ़**

# समस्याओं को लेकर मुखर हुआ सर्व आदिवासी समाज

## धरमजयगढ़ एसडीएम को सौंपा ज्ञापन आज करेंगे आर्थिक नाकेबंदी

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।




धरमजयगढ़ क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने का सिलसिला जारी है। अब छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज द्वारा कोयले से भरी वाहनों के कारण उत्पन्न होने वाली समस्याओं व अन्य मांगों को लेकर धरमजयगढ़ एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया है। सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि जामपाली कोल ब्लॉक से प्रेमनगर कोल साइडिंग तक कोयले के परिवहन में लगे भारी वाहनों के तेज गति से चलने के कारण दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। उन्होंने स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि स्कूल के समय नगर में इन भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया जाए। इसके अलावा आदिवासी बहुल इलाका होने के कारण यातायात नियमों के पालन नहीं हो पाने की बात कही गई है। सर्व आदिवासी समाज के धरमजयगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष महेन्द्र सिदार ने कहा कि आगामी 5 अगस्त तक यदि प्रशासन द्वारा इन मांगों के संबंध में कोई सकारात्मक पहल नहीं कि जाती है तो 6 अगस्त को धरमजयगढ़-रायगढ़ रोड पर स्थित आमापाली गांव में स्कूली बच्चों व ग्रामीणों द्वारा आर्थिक नाकेबंदी की जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने सभी से इस कवायद में अपना योगदान देने की अपील की। उन्होंने बताया कि इस आशय की सूचना क्षेत्रीय विधायक सहित जिला प्रशासन, पुलिस, एसईसीएल महाप्रबंधक व अन्य सम्बंधित विभाग को भी दी गई है। बता दें कि इससे पूर्व भी कई बार इन मामलों को लेकर ग्रामीणों व स्थानीय लोगों द्वारा स्थानीय प्रशासन को ज्ञापन दिया जा चुका है।

## एक नजर

### ट्रक लूट का षड्यंत्र महिला आरोपी द्वारा रचा गया था जिसे कोरबा से किया गिरफतार

जोहार छत्तीसगढ़- रतनपुर।



प्रार्थी (ट्रेलर ड्राईव्हर) नासीर अंसारी पिता सिराजुद्दीन अंसारी उम्र 23 वर्ष निवासी डंडई थाना डंडई जिला गढ़वा (झारखण्ड) थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि एक मोबाईल व जेब में रखे पर्स जिसमें 5000 रूपये, लाईसेंस व अन्य कागजात को लुट लिये। कि रिपोर्ट पर थाना रतनपुर में अपराध कायम कर 1 आरोपी को पूर्व में ही गिरफ्तार किया जा चुका था कि मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में अन्य आरोपियों का पतासाजी कर मामले में संलिप्त एक महिला आरोपी को कुसमुंडा थाना प्रभारी एवं स्टॉफ के सहयोग से गिरफ्तार किया गया पूछताछ में महिला ने बताया कि महिला द्वारा उक्त ट्रक को इशारा कर रुकवाया गया एव अपने दोनों साथियो के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया मामले में एक अन्य आरोपी की पतासाजी जारी है।

### अज्ञात महिला की लाश मिलने से फैली सनसनी

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।



धरमजयगढ़ में उन वक्त सनसनी फैल गई जब एक महिला की लाश आरके पेट्रोल पंम्प के पास मिली। आपको बता दे कि रात करीब 9 बजे के आसपास थाना प्रभारी विजय पैंकरा की सूचना मिला कि आरके पेट्रोल पंम्प के पास एक महिला की लाश पड़ी हैं। सूचना पाते ही थाना प्रभारी अपने पुलिस टीम के साथ घटना पहुंचकर लाश को शिनाख्त करने की कोशिश की लेकिन रात हो जाने के कारण शिनाख्त नहीं हो सका। वहीं महिला की मौत किस कारण हुई इसका भी पता नहीं चल सका। कई प्रकार की चर्चा चल रही है कि कहीं हत्या तो नहीं है। हत्या है या और किसी कारण आए महिला की मौत हुई है ये तो पीएम के बाद ही पता चल पाएगा। फिलहाल धरमजयगढ़ पुलिस मार्ग कायम कर आगे की कार्यवाही में जुट गई है।

### उद्योग एवं व्यापार केंद्र में रामकृष्ण सांसद प्रतिनिधि नियुक्त

जोहार छत्तीसगढ़- धरमजयगढ़।



लोकसभा सांसद रायगढ़ गोमती साय ने उद्योग एवं व्यापार केंद्र रायगढ़ के लिए रामकृष्ण तिवारी नवापारा छाल को सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया है। सांसद ने कलेक्टर रायगढ़ को नियुक्त पत्र लिखकर कहा है कि उद्योग एवं व्यापार केंद्र के सुचारू संचालन के लिए सांसद प्रतिनिधि की नियुक्ति की गई है। तिवारी के सांसद प्रतिनिधि नियुक्त होने पर भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने खुशी व्यक्त करते हुए बधाई शुभकामनाएं दी है। प्रतिनिधि नियुक्त होने के पश्चात तिवारी ने सांसद गोमती साय एवं वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रायगढ़ जिला बहुत बड़ा औद्योगिक क्षेत्र है, उद्योगों, मजदूरों, किसानों की समस्या, रोजगार, पर्यावरण की समस्याएं प्रमुख प्राथमिकता के रूप में होगी। पूर्ण समर्पण के साथ जनता की सेवा करता रहूंगा।

### प्रति गुरूवार को हो रहा बुजुर्गो के लिए सियान जतन क्लीनिक का संचालन

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

आयुष विभाग द्वारा जिले के प्रत्येक सरकारी अस्पताल जहां आयुष केन्द्र स्थित है वहां अब सप्ताह के प्रति गुरूवार को सियान जतन क्लीनिक के रूप में बुजुर्ग मरीजों के लिए विशेष क्लीनिक का आयोजन किया जा रहा है। बीते जुलाई माह में पूरे रायगढ़ जिले से लगभग 1700 बुजुर्ग मरीजों ने अपने विभिन्न रोगों के लिए आयुष पद्धति से अपना इलाज कराये।

# लकड़ी से भरी डस्टर कर को पुलिस ने पकड़ा, खरसिया चौकी पुलिस ने की कार्यवाही

जोहार छत्तीसगढ़-खरसिया।




छाल रेंज से आये दिन लकड़ी की तस्करी की खबर सुनने को मिलती है। 4 तारीख की रात्रि में एक पिकअप में लकड़ी की तस्करी हो रही थी। तस्करों ने लकड़ी आए भरी पिकअप वाहन को जंगल में छोड़ भाग गए। वहीं आज एक डस्टर कर में खचा खच इमरती लकड़ी भरकर खरसिया की ओर ले जा रहे थे। जिसे मुखबिर की सूचना पर खरसिया चौकी ने कार्यवाही करते हुए पकड़ा है। बताया जा रहा है कि गाड़ी नंबर सीजी 13 डब्लू 2864 किसी छाल निवासी का है जिनका काम ही लकड़ी तस्करी का है। आपको बता दे कि गाड़ी राम नरेश यादव के नाम पर पंजीयन है।

# थाना परिसर में चोटिल बछड़े का कामधेनू सेना ने कराया ईलाज

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।



थाना परिसर में चोटिल बछड़े का पशु चिकित्सक द्वारा इलाज किया गया। बोलबम समिति के सदस्यों ने देखा कि थाना परिसर में घूम रहे बछड़े के दो पैरों में चोट लगकर घाव हो गया है। जिसकी जानकारी कामधेनु सेना के प्रदेशसचिव नारायण बाईन को दी गई। बाईन ने पशु चिकित्सक डॉ सिंह को जानकारी दी। जिसपर डॉ सिंह दवाई लेकर तत्काल थाना परिसर पहुंचे। जहां भरतलाल साहू एवं श्यामप्रसाद पुरकायस्थ के मदद से बछड़े का इलाज किया गया। चिकित्सक ने बताया कि किसी भी प्रकार से चोट लगने से जानवरों में घाव हो जाते हैं। जो इलाज के अभाव में बढ़ते जाता है। सही समय पर इलाज हो जाने से जानवर जल्दी स्वस्थ हो जाते हैं। बता दें कि शहर में चोटिल गाय बैलों के लिए नारायण बाईन द्वारा नि:शुल्क दवाई उपलब्ध कराई जाती है। वहीं उनकी टीम डॉक्टरों की मदद से मौके पर पहुंच कर चोटिल पशुओं की इलाज में सहयोग करते हैं। अब तक छोटे बड़े अनेकों पशुओं का इलाज कराया जा चुका है।



# मोटरसाइकिल से गिरकर नाबालिग लड़के की मौत



जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

मोटरसाइकिल सवार अनियंत्रित होकर पुल में गिर कर घायल हो गया। जिसे सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र पत्थलगांव मार्ग में कांजीनाला पुल के पास हुई है। संदीप कुजूर पिता आनंदप्रकाश कुजूर उम्र 16 वर्ष निवासी आमापाली दोपहर को अपने चाचा के मोटरसाइकिल को लेकर निकला था। जो दोपहर 3 बजे आसपास कांजीनाला के पास अनियंत्रित हो गिरकर घायल हो गया। मौके पर उपस्थित लोगों ने घटना की जानकारी 112 को दी। तब 112 में आरक्षक सुरेश कुमार टोप्पो चालक इलियास खान ने घायल को तत्काल सिविल अस्पताल धरमजयगढ़ पहुंचाया। जहां उपचार के दौरान घायल संदीप की मौत हो गई। जिसकी सूचना धरमजयगढ़ थाने में दी गई। जिस पर पुलिस आगे की कार्यवाही कर रही है।

# विशेष पिछड़ी जनजातियों के लिए क्रिन्धा में स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।



सोशल मीडिया में दिखाया गया की विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी, कोरवा के बच्चों का अन्य सामान्य बच्चों की तुलना पेट का आकार फु ला हुआ है। जिसे कलेक्टर रायगढ़, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी रायगढ़ एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व धरमजयगढ़ द्वारा गंभीरता से लेते हुए ग्राम-छुहीपहाड़ में विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा के बच्चों के लिए स्वास्थ्य शिविर लगाकर स्वास्थ्य परीक्षण करने हेतु निर्देशित किया गया।

जिसके परिपालन में ग्राम पंचायत क्रिन्धा में पहाड़ी कोरवा के बच्चों का स्वास्थ्य शिविर 3 अगस्त को आयोजित किया गया। जिसमें जिला कार्यालय से डॉ. राजेश मिश्रा, आरएमएनसीएच एवं डॉ. प्रदीप राठौर शिशुरोग विशेषज्ञ तथा विकासखंड स्तर से डॉ. बीएल भगत खंड चिकित्सा अधिकारी, डॉ.विवेक पटेल चिकित्सा अधिकारी, डॉ. सौरभ सिंह चिकित्सा अधिकारी, डॉ. भूपेन्द्र सिंह चौहान आयुष चिकित्सा अधिकारी, डॉ. पूनम मेश्राम आयुष चिकित्सा अधिकारी, डॉ. गीतांजली राठिया आयुष चिकित्सा अधिकारी, डॉ. धर्मेन्द्र बिंझवार आयुष चिकित्सा अधिकारी द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसमें कुल 87 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया जिसमें 28 बच्चे थे। जिनमें 14 बच्चे कुपोषित पाये गये जिनको उचित उपचार हेतु पोषण पुर्नवास केन्द्र रिफ र किया गया। बता दें कि छुहीपहाड़ रायगढ़ जिले के अंतिम छोर पहाड़ों के ऊपर बसा है।



# बोलबम कांवरिया समिति धरमजयगढ़ की बैठक संपन्न

## सुरक्षा, जलपान सहित अन्य विषयों पर हुई चर्चा

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।



प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी अंबेटिकरा से किलकिला धाम के लिए कांवड़ यात्रा निकलेगी।जिसकी तैयारी के लिए अंतिम रूपरेखा बनाने बोलबम कांवरिया समिति बैठक संपन्न हुई। यात्रा में आने वाले पड़ावों पर जलपान व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, चिकित्सा व्यवस्था के साथ साथ अन्य विषयों पर चर्चा की गई। जिसमें समिति द्वारा निर्धारित समय पर ही कांवड़ यात्रा निकलेगी, क्योंकि समय पूर्व यात्रा निकलने से पड़ावों पर मिलने वाली व्यवस्था सही ढंग से नहीं मिल पाता है। वहीं मोटरसाइकिल से यात्रा करने वालों को रविवार की अपेक्षा सोमवार को जाने का सुझाव दिया गया है। ताकि पड़ावों की व्यवस्था व्यवस्थित ढंग से हो सके। बैठक के बाद समिति के सदस्यों ने एसडीएम से भेंट की। बता दें कि विगत दो तीन दशकों से अंबेटिकरा की पावन धरा पर कल कल बहती मांड नदी की जल धारण कर शिवभक्त लंबी दूरी तय कर किलकिला शिव मंदिर में जलाभिषेक करते हैं। जो सावन के अंतिम रविवार यात्रा प्रारंभ होती है और सोमवार को सुबह किलकिला में सम्पन्न होती है। हजारों की संख्या में शिवभक्त इस कांवड़ यात्रा में शामिल होते हैं। जिसमें पुरुषों के अलावा बच्चे एवं महिलाएं भी पैदल यात्रा करती हैं। इस वर्ष भी सावन की अंतिम रविवार 7 अगस्त 2022 को प्रात: अंबेटिकरा से कांवड़ यात्रा निकलेगी। 6 अगस्त रात्रि यात्रा के लिए दूर दराज से पधारे कांवड़ियों के लिए अंबेटिकरा में भोजन व्यवस्था केके सिंह, मधुबन दुबे, हेमप्रसाद, पुष्पेंद्र सिंह, शशि पटेल, शिशुपाल गुप्ता,चक्रधर पटेल, खेमप्रसाद, नरेश पटेल, रोहित साहू, सुरूति प्रधान, महावीर बैरागी, परमानन्द पटेल, नवधाराम, गजानन्द, मनोज पटेल सहित शाहपुर ग्रामवासियों द्वारा की जा रही है। रविवार प्रात: जल धारण करने के बाद पहली पड़ाव पीपरमार में मनोज, प्रवीण, जितेंद्र अग्रवाल श्यांग वालों द्वारा जलपान व्यवस्था, सिसरिंगा मंदिर में सहदेव राय, संजू मंडल द्वारा खीर प्रसाद एवं दोपहर तेजपुर में राधेश्याम गर्ग द्वारा भोजन की व्यवस्था की जाएगी। शाम को चरखापरा साहू ढाबा में स्वर्गीय गणेशराम साहू की स्मृति में उनके परिजनों द्वारा स्वल्पाहार की व्यवस्था एवं रात्रि पत्थलगांव में दानदाताओं द्वारा भोजन व्यवस्था की जा रही है।

# आधी रात जंगल में वन अमले को देख मय माल वाहन छोड़ कर जंगल मे भागे तस्कर

जोहार छत्तीसगढ़-कूड़ेकेला।

**धर्मजयगढ़ वनमंडल के छाल रेंज में डभरा, मालखरौदा, जैजैपुर क्षेत्र के लकड़ी तस्कर कीमती ईमारती लकड़ियों कि तस्करी का गढ़ बना चुके है क्योंकि छाल वन परिक्षेत्र में सागौन, बीजा और सराई जैसे बेशकीमती लकड़ियों के घने वन स्थापित है।**



पता यह भी चला है कि छाल क्षेत्र के गांव गांव में स्थानीय लोग जंगलो से बेसकीमती वृक्ष की कटाई कर इन तस्करों के लिए उनके मांग के हिसाब से लकड़ियों का चिरान कर इन तस्करों को सप्लाई करते है।

एक ऐसा ही बड़ा लकड़ी तस्करी का मामला छाल वन अमले की सतर्कता से सामने आया जिसमे बीती रात्रि को ग्राम बनहर के पास रात्रि गस्ती के दौरान संदिग्ध पिकअप वाहन जंगल की ओर जाते दिखा जिसपर वन विभाग की टीम द्वारा घेराबंदी कर रात 3 बजे एक सफ़ेद रंग कि लकड़ी लोड पिकप को पकड़ा जिसमे 6 नग बीजा प्रजाति कि लकड़ी जिसकी लागत लगभग 18 हजार बताया है। लकड़ी तस्करो द्वारा गलिमार से पिकअप वाहन में लकड़ी लोड कर तस्करो द्वारा ले जाया जा रहा था। जिसे वन विभाग कि टीम घेरा बंदी कर गलिमार से बाँसाझार मार्ग में लकड़ी लोड पिकअप वाहन पकड़ने में कामयाब हुए लेकिन तस्कर रात के अंधेरे का फायदा उठाते हुए तस्कर गाड़ी छोड़कर भाग निकले वन विभाग द्वारा आगे कि कार्यवाही किया जा रहा है।

इस कार्यवाही में मुख्यरूप से छाल क्षेत्र के रेंजर मुनेश्वर सिंह मसकोले, डिप्टी रेंजर सोहन राठिया, वन रक्षक दीपक नायक, मुकेश बरवा, बिसाहू राठिया थे।

बीती रात को बोजिया सर्किल कि बनहर गलीमार रोड मे एक पिकप पकड़ाया जिसमे 18 हजार रु कि लागत बीजा लकड़ी लोड किये थे लेकिन तस्कर वहाँ से भाग निकले विभाग द्वारा आगे कि कार्यवाही किया जा रहा है।

**एम एस मस्कोले, रेंजर छाल**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in